नई दिल्ली
शनिवार, 23 अगस्त 2025
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 129
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**संविधान का 130वां संशोधन:** गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाले बिल पर पीएम मोदी का विपक्ष पर करारा वार



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## आवारा कुत्तों के मामले में 'सुप्रीम' फैसला पूरे देश में लागू होगा

# सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग खाना खिला सकें



**2024** में देशभर में डॉग बाइट्स के 37.15 लाख केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारैया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल ▶▶ शेष पेज 7 पर

### आवारा कुत्तों को पकड़ने से रोका तो होगी कार्रवाई

पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें साफ लिखा होगा कि आवारा कुत्तों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में खाना खिलाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ संबंधित ▶▶ शेष पेज 7 पर



खुशी जाहिर कर रहे डॉग लवर्स

### आवारा कुत्तों की भलाई के लिए 2 लाख रुपए जमा करें एनजीओ



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट से संपर्क करने वाले व्यक्तिगत कुत्ता प्रेमियों और गैर सरकारी संगठनों को क्रमशः 25,000 रुपए और 2 लाख रुपए न्यायालय रजिस्ट्री में जमा कराने होंगे। बेंच ने साफ किया कि ये राशि सात दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अन्यथा याचिकाकर्ता या हस्तक्षेपकर्ता को मामले में आगे पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने साफ किया कि इकट्ठा की गई धनराशि का उपयोग आवारा कुत्तों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के ▶▶ शेष पेज 7 पर

### फैसले की बड़ी बातें

1 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आक्रामक कुत्तों और रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा।

2 आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना नहीं खिलाया जा सकता। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन क्षेत्र बनाएगा।

3 सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने पर संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी।

4 निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें बताया जाएगा कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा।

5 नगर निकायों की ओर से विशेष रूप से नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे।

### किसने क्या कहा?

#### आवारा कुत्ता आक्रामक है या नहीं? यह कौन तय करेगा



पशु अधिकार कार्यकर्ता और भाजपा नेता मेनका गांधी ने पूछा कि आक्रामक कुत्ते की पहचान कैसे होगी, इसे परिभाषित करने की जरूरत है। मैं इस वैज्ञानिक फैसले से बहुत खुश हूं। शिफ्ट करना और डर होना ही कुत्तों के काटने के मुख्य कारण है।

#### यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन भरा कदम



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत करता हूं। यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण करुणा से भरा और वैज्ञानिक आधार पर टिका हुआ है।


### खबर संक्षेप

#### एयर इंडिया फ्लाइट की मुंबई में लैंडिंग



**दिल्ली।** शुक्रवार को मुंबई से जोधपुर के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 645 में कुछ दिक्कत आने के कारण उसे वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान ने जैसे ही उड़ान भरी, उसके बाद परिचालन संबंधी समस्या सामने आई। इसके बाद फ्लाइट को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। क्रू ने उड़ान को रोकने का फैसला किया।

#### लॉर्ड स्वराज ने दुनिया को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# तो भ्रष्टाचारी 'जेल' भी जाएगा और, उसकी कुर्सी भी जाएगी

पीएम ने कहा कि हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे, जेल से ही आदेश जारी किए जा रहे थे। नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा तो ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?



एजेंसी ▶▶ गया जी (बिहार)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गया जी में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित किया और विपक्ष, खासकर आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर हमला किया।

■ गया जी में कहा कि जेल से सरकार चलाना अब नामुमकिन होगा

पीएम ने कहा कि इस कानून के तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री यदि गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन से अधिक हिरासत में रहते हैं तो उन्हें पद छोड़ना होगा। पीएम ने केंद्र सरकार के नए प्रस्तावित कानून का भी जिक्र किया जिसके तहत, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पीएम ने उठाया सवाल

- *किसी छोटे कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रख दिया तो अपने आप वो सस्पेंड हो जाता है*
- *कोई सीएम है, मंत्री है, कोई प्रधानमंत्री है तो वो जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है, ये कैसे हो सकता है?*

### इस कानून के दायरे में प्रधानमंत्री भी


पीएम मोदी ने कहा कि संविधान हर जन प्रतिनिधि से इमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करता है। हम संविधान की मर्यादा को तार-तार होते नहीं देख सकते हैं। इसलिए एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है जिसके दायरे में देश का प्रधानमंत्री भी है। इस कानून में मुख्यमंत्री और मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। जब ये कानून बन जाएगा तो फिर प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री, या फिर कोई मंत्री. उसको गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### ऐसे में भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?

पीएम मोदी ने कहा कि आज कानून है कि अगर किसी छोटे कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रख दिया तो अपने आप वो सस्पेंड हो जाता है। ड्राइवर हो, प्यून हो या छोटे से छोटा कर्मचारी, उसकी जिंदगी तबाह हो जाती है। लेकिन अगर कोई सीएम है, मंत्री है, कोई प्रधानमंत्री है तो वो जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है। ये कैसे हो सकता है? हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे, जेल से ही आदेश जारी किए जा रहे थे। नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा तो ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?

## ऑनलाइन गेमिंग बिल बना कानून, उल्लंघन पर होगी जेल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेश) बिल 2025' को मंजूरी दे दी है। यह बिल संसद के दोनों सदनों से इस हफ्ते ही पास हुआ था। इस कानून का मकसद ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, लेकिन ऑनलाइन पैसे वाले गेम्स पर पूरी तरह से रोक लगाना है। सरकार का कहना है कि इस कदम से नशे की लत, आर्थिक नुकसान और आत्महत्या जैसे खतरों को रोका जा सकेगा। साथ ही, ई-स्पोर्ट्स को अब कानूनी मान्यता मिलेगी और युवाओं के लिए खेल का नया क्षेत्र खुलेगा। इस कानून के तहत पैसे वाले ऑनलाइन गेम्स को ▶▶ शेष पेज 7 पर




### मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन की तबीयत बिगड़ी, एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में 91 वर्षीय कोकिलाबेन भर्ती हुईं। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल लाया गया। वह रिलायंस समूह के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी हैं। कोकिलाबेन की उम्र को देखते हुए उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। डॉक्टरों ने अभी तक उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें शुक्रवार की सुबह एयरलिफ्ट किया गया था। एक वीडियो में अंबानी परिवार अस्पताल में आता दिख रहा है। इससे कोकिलाबेन की सेहत को लेकर चिंता हो रही है। डॉक्टरों ने उनकी मेडिकल स्थिति के बारे में कुछ नहीं बताया है। उनकी उम्र के कारण चिंता और बढ़ गई है। कोकिलाबेन ने देश के आर्थिक और सामाजिक बदलाव के दशकों ▶▶ शेष पेज 7 पर



### विवेक विहार इलाके में दिया था वारदात को अंजाम

# नकली सीबीआई अधिकारी बनकर लूटे थे सवा दो करोड़, तीन गुर्गे गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन नामक एनजीओ के तीन गुर्गों को सवा दो करोड़ की लूट के आरोप में शाहदरा जिले की विवेक विहार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नकली सीबीआई अधिकारी बनकर इस लूटकांड को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों से सवा करोड़ की रकम बरामद कर ली है। बाकी रकम बरामदगी और सह आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को मनप्रीत सिंह, निवासी ऑरेंज काउंटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज करवाई थी। लूटेरों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह फाइनेंस, प्रॉपर्टी डीलिंग और निर्माण का व्यवसाय करता है। उसने अपने व्यवसाय के लिए विवेक विहार के बी-253, प्रथम तल पर एक संपत्ति किराए पर ली है। पिछले 6-7 महीनों में उसके व्यवसाय से लगभग 2.5 करोड़ रुपये अर्जित हुए थे और उक्त रकम घर में रखी गई थी। 19 अगस्त को एक जरूरी काम के चलते उन्होंने अपने दोस्त रविशंकर को घर से 1.10 करोड़ रुपये नकद लेकर इंदिरापुरम स्थित अपने घर आने को कहा था। रविशंकर ने पैसे लिए और जब घर से बाहर निकलकर अपनी बाइक पर बैठे तो चार लोगों ने जिनमें एक महिला भी थी उसका रास्ता रोक लिया। उन्होंने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया, वॉकी-टॉकी दिखाई और सरकारी लोगो व ब्यूरो लिखे पहचान पत्र पहने हुए थे। उन्होंने रविशंकर को धमकाया और 1.10 करोड़ रुपये से भरा बैग जबरदस्ती छीन लिया। इसके बाद वे घर में घुस गए। उनके कर्मचारी दीपक माहेश्वरी को धमकाया और मारा-पीटा। खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए बाकी पैसे भी लूट लिए। वे लगभग 2.5 करोड़ रुपये लेकर घर से निकल गए। इसके बाद अपराधियों ने रविशंकर और दीपक माहेश्वरी को जबरदस्ती अपनी कार में बिठाया और बाद में उन्हें चिंतामणि अंडरपास और निगमबोध घाट, जामनगर बाजार के पास छोड़ दिया। उन्हें घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी दी गई थी। शिकायत प्राप्त होने पर मामले की पुष्टि करने और अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते विवेक विहार थाने की एक टीम बनाई गई। टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच और विश्लेषण किया। मुखबिरों की तैनाती के साथ तकनीकी निगरानी शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों अर्टिगा कारों के पंजीकरण नंबर प्राप्त किए गए। इसके अलावा तकनीकी निगरानी के आधार पर दोनों कारों के नंबर, उसके मालिक और दो ड्राइवरों का फरीदाबाद से पता लगाया गया। इसके अलावा पापोरी बरुआ (30) और दीपक (32) नाम के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

इनसे 1.08 करोड़ रुपये और 17,50,000 रुपये नकद बरामद हुये। इसके अलावा एनजीओ के निदेशक राम सिंह मीणा (62) को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पापोरी बरुआ एनजीओ की सचिव हैं और मूलरूप से असम की निवासी हैं। दीपक तुगलकाबाद का निवासी है। पूछताछ करने पर पता चला है कि कुल चार महिलाओं और 4-5 व्यक्तियों ने अपराध किया है। पुलिस शेष धनराशि और सह-आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## सतीश गोलचा ने 26वें पुलिस आयुक्त का संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के 26वें आयुक्त का पद संभाल लिया। उन्होंने एसबीके सिंह का स्थान लिया, जो केवल 21 दिन तक इस पद पर रहे। अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्रशासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के 1992 बैच के अधिकारी गोलचा ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय में प्रभार संभाला।

गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया था। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को उनके सिविल लाइंस स्थित दफ्तर में जनसुनवाई के दौरान हमला होने के एक दिन बाद गोलचा की पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्ति हुई। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति हमले से संबंधित नहीं है। गोलचा का कार्यकाल अप्रैल 2027 तक है। उन्हें उनके सख्त रुख और 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान निर्णायक नेतृत्व के लिए जाना जाता है। उस समय वह कानून-व्यवस्था के विशेष पुलिस आयुक्त के तौर पर तैनात थे। गोलचा के पूर्ववर्ती एसबीके सिंह 1988 बैच के अधिकारी हैं। वह संभवतः सबसे कम अवधि तक दिल्ली पुलिस आयुक्त रहे। उन्होंने संजय अरोड़ा के सेवानिवृत्त होने के बाद एक अगस्त को पदभार संभाला था।



दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने शुक्रवार को कार्यभार संभालने के उपरांत दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की।

### कोर्ट द्वारा कुत्तों को राहत देकर शेल्टर होम से रिहा करने के आदेश का कांग्रेस ने किया स्वागत

नई दिल्ली। दिल्ली में आवारा कुत्तों के मामले पर कोर्ट के उस फैसले का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने स्वागत किया है जिसमें न्यायालय ने कहा है कि कुत्तों को राहत देकर शेल्टर होम से रिहा किया जाए। यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जो नया आदेश आया है वह मानवीय आधार पर लिया गया फैसला है, जिसका हम स्वागत करते हैं। कोर्ट के आदेश के बाद सिर्फ बीमार और आक्रामक खतरनाक कुत्तों को शैल्टर होम में रखा जाएगा, बाकि की नसबंदी कर छोड़ दिया जाएगा और सार्वजनिक स्थानों पर खाना खिलाने पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रश्न यह उठता है कि राजधानी में इतनी बड़ी संख्या में कुत्तों की संख्या कैसे बढ़ गई कि आज 10 लाख से भी अधिक आवारा कुत्ते है, लेकिन निगम और संबधित विभागों का कोई नियंत्रण नही है। सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों को शेल्टर से मुक्त करने के आदेश के बाद पशु कल्याण एकता ट्रस्ट ने प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव से मिलकर सहमति जताई कि कांग्रेस सरकार के समय आवारा कुतों पर नियंत्रण रखने की कार्यशैली को मौजूदा निगम में शासित भाजपा को अपनाना चाहिए।

### 'अमित शाह करेंगे 'विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा' प्रदर्शनी का उद्घाटन'

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस की तैयारियों और विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विधानसभा परिसर में लगने वाली विट्ठलभाई पटेल की गौरव गाथा' प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। प्रदर्शनी 26 से 31 अगस्त 2025 तक जनता के लिए खुली रहेगी। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि 24–25 अगस्त 2025 को होने वाले ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस देशभर से 29 अध्यक्ष और 17 उपाध्यक्ष के साथ राज्य सभा के 6 चेयरमैन और 4 डिप्टी चेयरमैन शामिल होंगे। उपस्थिति में राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मिजोरम, झारखंड, केरल, कर्नाटक, पंजाब और अन्य राज्यों के अध्यक्ष शामिल हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधान सभा के उपाध्यक्ष श्री मोहन सिंह बिष्ट भी उपस्थित थे। गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विशेष डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## द्वारका के स्कूल को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। द्वारका स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल को बम की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार सुबह खाली करा लिया गया। दिल्ली पुलिस, दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस), बम निरोधक दस्ता और डॉग स्कवायड ने घंटों तक परिसर की खाक छानी लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। दमकल को सुबह सात बजकर पांच मिनट पर इस धमकी के संबंध में सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और दमकल की गाड़ियां द्वारका सेक्टर-7 स्थित स्कूल के अंदर पहुंचीह और तलाशी अभियान शुरू किया। स्कूल को बम की धमकी ईमेल के जरिए दी गई। ईमेल के जरिये स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला गत चार दिनों से जारी है। हर धमकी के बाद छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच की जा रही है।

## संसद भवन की दीवार फांदने की कोशिश करता युवक पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगते लगते रह गई। दरअसल शुक्रवार सुबह संदी भवन की दीवार फांदने की कोशिश कर रहे 20 साल के एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। बाद में उसे दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि युवक की पहचान उत्तर प्रदेश के भदोही निवासी रामकुमार बिंद के रूप में हुई है। वह गुजरात के सूरत में एक कारखाने में काम करता है और मानसिक रूप से कमजोर है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग पांच बज कर 50 मिनट पर एक अज्ञात व्यक्ति संसद भवन परिसर के पास पहुंचा और उसने अंदर कूदने के इरादे से दीवार फांदने की कोशिश की। हालांकि सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस की सतर्कता के कारण उसे पकड़ लिया गया। बाद में आगे की पूछताछ के लिए उसे स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया।

मामले में नई दिल्ली जिले के डीसीपी देवेश महला ने कहा कि वह मानसिक रूप से ठीक नहीं लगता है और उससे पूछताछ जारी है। सूत्रों ने बताया कि यह युवक संसद परिसर में सेंध लगाने के लिए उसकी दीवार से लगे एक पेड़ पर चढ़ गया था। आईबी और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल समेत कई केंद्रीय एजेंसियां युवक से पूछताछ कर रही हैं और उसका मकसद पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। गौरतलब है कि संसद का मानसून सत्र बृहस्पतिवार को ही समाप्त हुआ है। इससे पहले 13 दिसंबर 2023 को संसद सत्र के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से लोकसभा में कूद गए थे और उन्होंने पीले रंग का धुआं छोड़ा था। दोनों को सदन में उपस्थित कुछ सांसदों ने पकड़ लिया था। इसी दौरान दो अन्य लोगों ने संसद परिसर के बाहर भी ऐसी ही हरकत की थी। यह घटना संसद पर 2001 में हुए आतंकी हमले की बरसी वाले दिन हुई थी, जिसने संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

### शाहदरा साइबर पुलिस ने एक धोखेबाज को किया अरेस्ट

## वकीलों और शिक्षित महिलाओं से नौकरी के नाम पर ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



शाहदरा जिले की साइबर पुलिस स्टेशन टीम ने एक जॉब स्कैम का पर्दाफाश किया है। यह शख्स खासतौर पर वकीलों और पढ़ी लिखी महिलाओं को नौकरी के नाम पर चूना लगाता था। आरोपी शख्स ने गत दिनों सरकारी अधिकारी बनकर एक महिला से 23,110 रुपये ठगे थे।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार शिखा तिवारी निवासी विश्वास नगर, शाहदरा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 10 जून को उन्हें विजय लक्ष्मी जो एक वकील हैं से एक संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि आरोपी अपनी प्रोफाइल में उल्लिखित नौकरी प्रदान करने के लिए एक सक्षम व्यक्ति है। बाद में यह पता चला कि विजय लक्ष्मी की प्रोफाइल को ही अभियुक्त ने हैक कर लिया था और उसे पैसे देने के लिए लुभाने के लिए उसका दुरुपयोग किया गया था। दरअसल शिकायतकर्ता को उसके मोबाइल पर 11 जून को शिक्षा विभाग के नाम और शैली में एक मैसेज भेजा गया था। उसमें उन्हें महिला आयोग में नौकरी का वादा किया गया था। इसके बाद उसे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि कोई भी इच्छुक व्यक्ति 5,260 रुपये का अग्रिम प्रसंस्करण शुल्क देकर आवेदन कर सकता है। इसके बाद उसी दिन लगभग 8:35 बजे उसे एक और ईमेल मिला जिसमें पुष्टि की गई कि संसद सदस्य कोटे के तहत सीट के लिए उसका पंजीकरण पूरा हो गया है। ईमेल में एक पंजीकरण संख्या WHSAP92689 भी दी गई थी। इसके बाद 12 जून को उसे एक और ईमेल मिला जिसमें बताया गया कि उसे अगले साक्षात्कार दौर के लिए 15 उम्मीदवारों में से चुना गया है। इसमें आगे उल्लेख किया गया था कि उनकी टीम साक्षात्कार का समय और तारीख बताएगी और उसे आगे की प्रक्रिया के लिए 12,500 और 5,350 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया था।

जब शिकायतकर्ता ने दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर उसने तुरंत 12 जून को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि शिकायतकर्ता से 23,110 रुपये पंजाब नेशनल बैंक के खाते में स्थानांतरित किए गए, जो सागर सिंह निवासी विजय नगर, गाजियाबाद के नाम से खोला गया था।

मोबाइल नंबर भी सागर सिंह के नाम पर पंजीकृत पाया गया। इसके अलावा आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता को नौकरी प्रक्रिया और पंजीकरण के संबंध में ईमेल भेजने के लिए इस्तेमाल की गई ईमेल आईडी भी आईपी लॉग के जरिए सागर सिंह के ही मोबाइल नंबर पर ट्रेस की गई। गूगल से प्राप्त विवरण के अनुसार ईमेल आईडी 22 मई को बनाई गई थी। इसके अलावा उक्त महिला अधिवक्ता की फेसबुक आईडी का दुरुपयोग करके आरोपी ने महिला आयोग में सहप्रमुख पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर शिकायतकर्ता शिखा तिवारी से धोखाधड़ी की। आगे पता चला कि वह पहले भी ऐसी घटनाओं में संलिप्तता रहा है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष, पुत्रः** वीर सिंह उर्फ शिवलाल, **पताः** मकान न.: ई.36, 272, अम्बेडकर कैम्प, ब्लॉक 32–33, मेन त्रिलोकपुरी, चिल्ला खादर, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 127/2017 U/s: 392/394/174A IPC, थानाः** द्वारका नार्थ, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 127/2017 U/s: 392/394/174A IPC, थानाः** द्वारका नार्थ, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **राहुल उर्फ अजय उर्फ संतोष,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांकः **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री नीतिका कपूर, एल.डी.**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –06**
**जिला दक्षिण–पश्चिम, कमरा न. 514**
**द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली**

DP/11172/DW/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सुमित शर्मा पुत्रः श्यामलाल पताः** मकान नं.: डी–308, एक्सटेंशन–2डी, नांगलोई, दिल्ली **FIR No. 712/20, U/S: 25A Act, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित शर्मा,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुमित शर्मा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सुमित शर्मा, FIR No. 712/20, U/S: 25A Act, पुलिस थानाः नांगलोई, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.10.2025** को या उससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**विजयश्री राठौर**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10, (पश्चिम)**
**कोर्ट नं. 345, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/10894/OD/2025
(Court Matter)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

### निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 190/174066 | Synthetic Volleyball Court of Kendriya Vidyalaya No.-2 Pt. Dindayal Upadhyaya Nagar at Raipur Under Maintenance Sub-Division Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 20.00 लाख |
| 10/174068 | Material Supply in Arang Section No.-1, Arang Section No.-2 & Kharora Section, Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 12.00 लाख |
| 212/174069 | CONSTRUCTION OF 12 NOS. I-TYPE QUARTER (G+3 BUILDING) INCLUDING ELECTRICAL WORKS AT P.W.D. COLONY (SIRPUR BHAWAN CAMPUS) CIVIL LINE, RAIPUR C.G. (प्रथम आमंत्रण) | रू. 143.41 लाख |
| 213/174070 | WHITE WASHING COLOUR WASHING & PAINTING WORK OF VARIOUS BUILDING UNDER SUB DIVISION- ABHANPUR (प्रथम आमंत्रण) | रू. 30.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र. 190 सिस्टम टेन्डर नं. 174066 एवं एन.आई.टी. क्र. 10 सिस्टम टेन्डर नं. 174068 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.09.2025 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई. टी. क्र.212 सिस्टम टेन्डर नं. 174069 एवं एन.आई.टी. क्र.213 सिस्टम टेन्डर नं. 174070 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2025 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.–1 रायपुर (छ.ग.)

G-252603025/6

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 13.08.2025 के तहत भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा जो पूर्व में 17.08.2025 (सायंकालीन सत्र) को निर्धारित थी, को स्थगित कर दिया था। अब, आयोग ने भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रेफेसर के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 13.09.2025 पूर्वा. 10:00 से अप. 01:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.09.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश–पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश–पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 22.08.2025 — **हस्ता/– उप सचिव**
संवाद–1156/13/348/2026/37960/88/7 दि. 22.08.25 — **हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1 | Replacement of 28 Ton capacity vacuum crystallizer by 40 ton. | 2025_HBC_467077_1 |
| 2. | Contract of removal of leaky, Jammed and damaged SS tubes and their replacement with hydraulic Testing of juice heaters, evaporator bodies, FFE's and pans.. | 2025_HBC_467091_1 |
| 3. | AMC, Repairing/ Overhauling of Mill Turbine AP Bellis Make 2 nos., Feed Pump Turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_467100_1 |
| 4. | Re-Shelling and De-Shelling of under feed rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_467121_1 |
| 5. | Supply, dismantling of old tubes, fabrication and erection of new tubes along with trial (Air Pre Heater) of boilers no.I | 2025_HBC_467147_1 |
| 6. | Regarding Complete rewiring of main ACB Control Panel, Power Generation Control and Safety System of 3mw BHEL make alternator and AVR's | 2025_HBC_467157_1 |
| 7. | Contract for Complete Operation and Maintenance of Sugar Plant of 2200 TCD for off seasons 2025, and crushing seasons 2025-26. | 2025_HBC_467129_1 |

All the tenders will be available on e-tendering https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 27.08.2025 at 10.05 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 28.08.2025 at 9:30 A.M. and the negotiation will be held on 28.08.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,**
**Sonipat**

नई दिल्ली

शनिवार, 23 अगस्त 2025

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 129

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम अधि. 32 न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन में आयोजित किए जा रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम

# टैरिफ संकट के बीच 29 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान-चीन की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति समेत समूह के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हो सकती है प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय मुलाकात

ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने कसा तंज, रूस से तेल खरीदकर मुनाफा कमाने वाला भारत, क्रेमलिन के लिए कपड़े धोने की मशीन की तरह काम कर रहा है

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस से कच्चे-तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत 29 से 30 अगस्त तक जापान से होगी और उसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा करेंगे। जहां तियानजिन शहर में इस वर्ष चीन की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे। एससीओ सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा समूह के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती हैं। भारत वर्ष 2017 से एससीओ का सदस्य है और



फाइल फोटो

उसने 2022-23 में समूह के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक बयान से मिली है।

### जापान में यह रहेगा पीएम का कार्यक्रम

*मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान की यात्रा करेंगे। जिसमें वह मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच आयोजित किए जाने वाले 15 वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह पीएम का जापान का आठवां दौरा होगा। जबकि प्रधानमंत्री इशिबा के साथ ये उनका पहला शिखर सम्मेलन होगा। इसके अलावा दोनों शीर्ष नेता अपनी मुलाकात के दौरान भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी की समीक्षा भी करेंगे। जिसमें रक्षा-सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, नवाचार और लोगों का लोगों से संबंध जैसे विषय शामिल हैं। पीएम मोदी और इशिबा की वार्ता में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद लंबी विशेष दोस्ती के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगी।*

### मोदी को बताया महान नेता

*राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने भारत के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और कहा कि मोदी एक महान नेता हैं। लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच शांति का मार्ग उनके देश की राष्ट्रीय राजधानी से होकर ही गुजरता है। भारतीय नेतृत्व की रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त कराने में अहम भूमिका है। भारत को इन सबके बीच अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अपनी भूमिका पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अभी जो कर रहे हैं, वह शांति स्थापित करने की बजाय युद्ध को और अधिक भड़का रहा है। यहां बता दें कि अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच भारत को रूस के साथ ही चीन का भी समर्थन मिला है। चीन के राजदूत ने कहा है कि वह भारतीय माल का चीन के बाजारों में स्वागत करते हैं। अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का कदम किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है।*

### रूस की कपड़े धोने वाली मशीन है भारत: अमेरिका

*वहीं, रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर बौखलाए अमेरिका के रुख में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है, उसकी तरफ से भारत पर आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। ताजा मामला व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के एक बयान से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने भारत पर बेहद तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई दिल्ली रूस से सस्ती दरों पर तेल खरीदकर उसे भारी मुनाफे के साथ बाकी दुनियाभर के देशों को बेचकर क्रेमलिन के लिए कपड़े धोने की मशीन की तरह से काम कर रही है। रूस से तेल खरीद से मॉस्को को यूक्रेन युद्ध के लिए धन मिल रहा है। जबकि भारत इससे कमाई कर रहा है। नवारो ने ये भी कहा कि उनके देश द्वारा लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ का निर्णय बिलकुल ठीक है। क्योंकि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में घाटा हो रहा है। जिसके पीछे नई दिल्ली द्वारा लगाया गया सबसे ज्यादा यानी महाराजा टैरिफ जिम्मेदार है। यह एक प्रकार से व्यापार में दगा करने जैसा है। उन्होंने कहा, 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से पहले भारत ने रूस से कोई तेल नहीं खरीदा था। लेकिन अब जब यह लगभग 35 फीसदी तक हो गया है तो यह कहना कि रूसी तेल की जरूरत नहीं है। यह तर्क बकवास है।*


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति विजयादशमी पर होंगे मुख्य अतिथि

**नागपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिक



विजयादशमी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। संघ की स्थापना के शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित विजयादशमी उत्सव दो अक्टूबर 2025 को सुबह 7.40 बजे नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत मुख्य भाषण देंगे।

### 'अवैध' सट्टेबाजी मामले में विधायक के खिलाफ छापे

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र 'पप्पी', उनके भाई और कुछ अन्य के खिलाफ कई राज्यों में छापे मारे। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले, बेंगलुरु और हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा में कम से कम 30 स्थानों पर तलाशी ली गई। गोवा में 'पप्पीज कैसीनो गोल्ड' सहित 5 जगहों पर छापे मारे गए।

### प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर का निधन

**चंडीगढ़।** पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला का शुक्रवार सुबह मोहाली के एक निजी



अस्पताल में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दो दिन पहले अभिनेता को बीमार पड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मोहाली में शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उन्हें 'कैरी ऑन जट्टा', 'माहौल ठीक है', 'जट्ट एयरवेज' जैसी फिल्मों में उनके किरदार को लेकर जाना जाता है।

राजधानी में शुक्रवार को आयोजित किए गए 'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दिखा दी भारत की प्रतिबद्धता, अपने दिमाग में कोई भ्रम न रखे


राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का चरित्र या उसकी प्रकृति वैश्विक व्यवस्था को दबाव के साथ प्रभुत्व स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा के रूप में देखने का नहीं है। हम आपसी सम्मान, सामंजस्य और गौरव की साझा यात्रा के पक्षधर हैं।

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक कार्यवाही 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस महीने की शुरुआत में तीन महीने पूरे हो गए हैं। सीमाओं पर सेनाएं पूरी मुस्तैदी के साथ डटी हुई हैं। सरकार की नीति भी साफ है, अब अगर कोई आतंकी हमला हुआ तो जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा।

इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित किए गए 'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में पुनः ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान ने आतंकवाद के खिलाफ बने हुए हमारे दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और देश की ताकत को मजबूती के साथ प्रदर्शित किया है। जिसके बाद पाकिस्तान के दिमाग में किसी तरह का कोई भ्रम में नहीं रहना चाहिए। भारत का चरित्र या उसकी प्रकृति वैश्विक व्यवस्था को दबाव के साथ प्रभुत्व स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा के रूप में देखने का नहीं है। हम आपसी सम्मान, सामंजस्य और गौरव की साझा यात्रा के पक्षधर हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नजर में ताकत का अर्थ किसी को नियंत्रित-निर्देशित करना नहीं है। बल्कि यह देखभाल की क्षमता पर आधारित है। जिसमें कहीं पर भी छोटे हित आड़े नहीं आते हैं, अंतरराष्ट्रीय भलाई की प्रतिबद्धता ही दृष्टिगत होती है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने दी है। जिसके मुताबिक, रक्षा मंत्री ने ये भी कहा कि हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत की समृद्धि हमारी रक्षा क्षमता और राष्ट्रीय सम्मान की भावना के साथ समान आधार पर मजबूत होनी चाहिए।



### ये भी बोले रक्षा मंत्री

भारत की समृद्धि हमारी रक्षा क्षमता और राष्ट्रीय सम्मान की भावना के साथ समान आधार पर मजबूत होनी चाहिए।

आतंकी हमला हुआ तो जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा

### पहलगाम में मारे गए 26 लोग

*गौरतलब है कि इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने कुल 26 निर्दोष नागरिकों का उनका धर्म पूछकर मौत के घाट उतार दिया था। जिनमें 25 भारतीय और 1 नेपाल का नागरिक शामिल था। हमले का भारत ने जवाब दिया और 7 मई की मध्यरात्रि के बाद सेना, वायुसेना के संयुक्त अभियान के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 कैंपों को मटियामेट कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान कुल करीब 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे। इसके साथ भारत ने पाकिस्तान को यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब अगर उसने भविष्य में भारत के खिलाफ फिर से कोई आतंकी हमला करने की कोशिश की तो उसे उसका माकूल जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम पांच बजे से संघर्षविराम लागू है।*

### पांचवीं पीढ़ी का विमान देश में बनेगा

*राजनाथ ने कहा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को हाल ही में 97 तेजस मार्क-1 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए 66 हजार करोड़ रुपए का आर्डर मिला है। ये पूर्व में 83 तेजस विमानों के लिए दिए गए 48 हजार करोड़ रुपए के अलावा दिया गया नया आर्डर है। तेजस विमान देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास और विमानों के इंजन निर्माण की दिशा में कदम उठाए हैं। पाकिस्तानी सेनाप्रमुख के भारत की अर्थव्यवस्था की स्पोर्ट्स कार और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को एक खराब ट्रक के रूप में की गई तुलना पर राजनाथ ने कहा, ये केवल ट्रोल सामग्री नहीं है। बल्कि एक प्रकार की स्वीकारोक्ति है। अगर दो देश एक साथ स्वतंत्र हुए हैं, जिनमें से एक ने अपनी अर्थव्यवस्था को कड़ी मेहनत, सही नीतियों व विजन के साथ स्पोर्ट्स कार की तरह विकसित किया है। जबकि दूसरा अपनी ही करनी की वजह से असफल साबित हुआ है तो ये कोई मजाक नहीं है। बल्कि यह उनके द्वारा (पाक) किया गया कबूलनामा है।*

गृह मंत्री शाह ने सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए आड़े हाथों लिया

# उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन रेड्डी ने की 'नक्सलवाद' की मदद



- उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। शाह ने शुक्रवार को कोच्चि में कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है। केरल ▸▸ शेष पेज 7 पर

### बिना नाम लिए नए विधेयक पेश करने के लिए केजरीवाल को ठहराया जिम्मेदार

*इस दौरान शाह ने संसद में पेश किए गए तीन नए विधेयकों को लेकर अमित शाह ने कहा कि बीते वक्त में एक ऐसी घटना हुई है, जिसमें एक मुख्यमंत्री ने जेल से सरकार चलाई। ऐसी स्थिति में क्या संविधान में संशोधन नहीं किया जाना चाहिए। उस समय भाजपा की सरकार भी सत्ता में थी, लेकिन हमें ऐसी स्थिति का सामना कभी नहीं करना पड़ा। शाह ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए संकेत दिया कि अगर उस समय दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे दिया होता, तो नये विधेयक पेश नहीं करने पड़ते।*

### राहुल गांधी ने फाड़ दिया था बिल

*शाह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि 2013 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के द्वारा लाए गए उस बिल की कॉपी को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था, जिसका उद्देश्य अयोग्य ठहराए गए या किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों को राहत प्रदान करना था। शाह ने* ▸▸ शेष पेज 7 पर

संत को लिखा पत्र और ईमेल भेजा

# मुस्लिम युवक ने की संत प्रेमानंद को किडनी दान करने की पेशकश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इटारसी

यहां न्यास कॉलोनी निवासी एक 26 वर्षीय युवक आरिफ खान चिश्ती ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को अपनी किडनी दान करने की इच्छा जताई है। आरिफ ने अपनी इस इच्छा को लेकर एक पत्र और ई-मेल भी भेजा है। समर्पण की वजह आरिफ के अनुसार कवि अमीर खुसरो के समर्पण पर आधारित एक 30 सेकंड के वीडियो ने उन्हें संत प्रेमानंद से इतना प्रभावित किया कि उन्होंने यह बड़ा फैसला लिया। आरिफ ने कहा- मैं रहूं या न रहूं, लेकिन समाज को जोड़ने वाले ऐसे संतों का रहना बहुत जरूरी है। आरिफ एक ऑनलाइन कंसल्टेंसी पेशेवर हैं और उन्होंने बीए तक की पढ़ाई की है। वह लंबे समय से सामाजिक कार्यों से भी जुड़े हुए हैं। वे तंजीम इस्लाहुल मुसलमीन संस्था के माध्यम से लावारिस शवों का कफन-दफन करने का नेक काम करते हैं।



कहा: मैं रहूं या न रहूं संतों का रहना

### 6 महीने पहले सुना था प्रवचन

*आरिफ ने बताया कि करीब छह महीने पहले उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का एक प्रवचन सुना था। यह प्रवचन प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो के अपने गुरु के प्रति अटूट समर्पण पर आधारित था। प्रवचन के दौरान ही उन्हें यह जानकारी मिली कि महाराज की दोनों किडनियां खराब हैं और उनका डायलिसिस चल रहा है। इसी के बाद उन्होंने अपनी किडनी दान करने का फैसला किया।*

# नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे और कांग्रेस में बवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक विधानसभा में गुरुवार को एक अप्रत्याशित घटनाक्रम उस समय सामने आया जब उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने सदन में भाषण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रसिद्ध गीत नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे गाया।

उनके इस कदम से कांग्रेस के भीतर असहज स्थिति पैदा हो गई है और भाजपा ने भी इसे लेकर तीखे हमले शुरू कर दिए हैं। राजनीतिक टिप्पणीकार डीके के इस कदम को शीर्ष नेतृत्व पर दबाव बनाने के रूप में भी देख रहे हैं। विदित हो कि कुछ महीने से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच सबकुछ ठीकठाक नहीं। ढाई ढाई साल के फार्मूले की याद दिलाते हुए उनके



समर्थकों ने दिल्ली कूच कर याद दिलाया था कि सिद्धरमैया के ढाई साल पूरे हो गये अब डीके शिवकुमार को कमान मिलनी चाहिए। मगर, तब शीर्ष नेतृत्व ने दखलंदाजी कर मामले को शांत कराया था। राजनीतिक पंडितों का ये भी मानना है कि ऊपर से शांत दिखने वाली कर्नाटक की कांग्रेसी सियासत के अंदरखाने उबाल आता दिख रहा है। ये बात ठीक है कि संघ के गीत शिवकुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लालकिले से दिये गये भाषण की प्रतिक्रिया में तंज के रूप में गाया था, ये बताते हुए कि स्कूल के दिनों में वे भी संघ की शाखा में जाया करते थे। लेकिन राजनीति में वे पक्के कांग्रेसी हैं। विदित हो कि शिवकुमार उपमुख्यमंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। शिवकुमार ने चूंकि संघ के गीत विधानसभा में गुनगुनाई, 73 सेकंड का वो वीडियो जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा ने इसे कांग्रेस की "विचारधारा की पराजय" बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता स्वयं आरएसएस के प्रभाव में हैं। कांग्रेस खेमे में भी इस पर हलचल मच गई। कई नेताओं ने अनौपचारिक रूप से नाराज़गी जताई। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा, "कांग्रेस की विचारधारा धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की है। किसी भी नेता को ऐसे बयान या गीतों से बचना ▸▸ शेष पेज 7 पर

ओपनएआई इस साल भारत में अपना पहला ऑफिस खोलेगी

# लोकल टीम ने हायरिंग शुरू की, इंडिया कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चैटजीपीटी की पेरेंट कंपनी ओपनएआई ने शुक्रवार (22 अगस्त) को कहा कि वह इस साल के आखिरी तक भारत में अपना पहला ऑफिस नई दिल्ली में खोलेगी। कंपनी भारत में अपनी प्रेजेंस को मजबूत करना चाहती है। यूजर नंबर्स के हिसाब से भारत कंपनी का दूसरा सबसे बड़ा मार्केट है। दिल्ली में ऑफिस किस लोकेशन पर खोला जाएगा, अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, ओपनएआई ने भारत में खुद को एक लीगल एंटिटी के रूप में स्थापित कर लिया है और एक डेडिकेटेड लोकल टीम की हायरिंग शुरू कर दी है। यह टीम लोकल पार्टनर्स, सरकारों, बिजनेसेज, ▸▸ शेष पेज 7 पर

### डिजिटल और एआई इनोवेशन में भारत बढ़ रहा: वैष्णव

*केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ओपनएआई का भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का फैसला डिजिटल इनोवेशन और एआई अपनाने में देश के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाता है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई टैलेंट और एंटरप्राइज स्केल सॉल्यूशन में निवेश के साथ एआई-लेड ट्रांसफॉर्मेशन की अगली लहर को आगे बढ़ाने के लिए भारत मजबूत स्थिति में है। भारत भर में लोकल बिजनेस और इंस्टीट्यूशन पहले से ही एआई-पावर्ड एग्रीकल्चर सर्विसेज, रिक्रूटमेंट और गवर्नेंस टूल जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए ओपनएआई के टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।*

एएआई को समझौते के तहत जरूरी व्यवस्था करने का दिया था सुझाव, नहीं माना

सामरिक नियम-कायदों से बंधी वायुसेना, एयरफील्ड या एएलजी से रात्रि उड़ानें असंभव

# हिंडन एयरबेस से नागरिक विमानों की उड़ान में देरी में वायुसेना की भूमिका नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

देश की राष्ट्रीय राजधानी से सटा गाजियाबाद का हिंडन एयरबेस इन दिनों नागरिक विमानों की उड़ान में हो रही देरी के लिए चर्चा में बना हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का कहना है कि इसके लिए भारतीय वायुसेना और उसके कुछ जटिल नियम जिम्मेदार हैं। लेकिन दूसरी तरफ रक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिस सरकारी क्षेत्रीय संयोजकता योजना (आरसीएस- उड़ान) के तहत एएआई ने वायुसेना के देशभर में मौजूद एयरबेस और एडवांस लैंडिंग ग्राउंड से असैन्य उड़ानों के संचालन के लिए जो पंचवर्षीय समझौता किया था। उसके तहत अभी तक रनवे के इस्तेमाल, विमानों की पार्किंग से लेकर अन्य जरूरी ढांचागत व्यवस्था को पृथक आधार पर मुकम्मल नहीं किया गया है। जो कि इस पूरी समस्या की मूल जड़ है और इसका वायुसेना से तर्कसंगत आधार पर कोई लेना देना नहीं है। प्राधिकरण का ये कहना है कि मामले में उसे वायुसेना का सहयोग नहीं मिल रहा है। यह उचित नहीं है। वर्तमान में हिंडन एयरबेस से एयर इंडिया और ▸▸ शेष पेज 7 पर



फाइल फोटो

### 48 एयरफील्ड से उड़ान भरते विमान

*सूत्रों ने कहा, देश में वायुसेना की कुल करीब 54 एयरफील्ड हैं। जिनमें से 39 एयरफील्ड और 9 एडवांस लैंडिंग ग्राउंड (एएलजी) को उड़ान योजना के तहत दोहरे (सैन्य, असैन्य) इस्तेमाल के लिए चयन किया गया था। बल की मुख्य एयरफील्ड में हिंडन, श्रीनगर, लेह, कुंबीग्राम और पुणे शामिल हैं। हिंडन एयरबेस 5 हजार 425 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां से नागरिक उड़ानों की शुरुआत दिल्ली और एनसीआर के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए की गई थी। अभी हिंडन से शिमला, जामनगर, कलबुर्गी, फैजाबाद, कानपुर, नासिक, हुबली और पिथौरागढ़ जैसी जगहों के लिए नागरिक विमान उड़ान भर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में सक्रिय बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**गाजियाबाद।** पुलिस ने गाजियाबाद, हापुड़, दिल्ली में राह चलते लोगों से मोबाइल व चैन लूट



की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। लुटेरा पुलिस की गोली से घायल हो गया। उसके कब्जे 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस व चोरी की 1 मोटर साइकिल बरामद हुए हैं। चेकिंग के पुलिया की ओर से साइकिल सवार व्यक्ति को आता देख रोकने का प्रयास किया।

### युवक ने फंदा लगाकर किया सुसाइड

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना एरिया में एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना



मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच और घटनास्थल पर निरीक्षण करके साक्ष्य जुटाए। पुलिस को मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, जिसके चलते खुदकुशी करने के वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी।

### होटल की महिला कर्मी से 1.06 लाख ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में पार्ट टाईम जॉब देने के नाम पर एक होटल की महिला




कर्मी के साथ 1,06,252 रुपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के आगरा की रहने वाली राखी ने कहा कि वह गुरुग्राम के सेक्टर-86 में रहती है। वह यहां सेक्टर-90 स्थित होटल हॉलीडे में काम करती है। उसके पास एक जुलाई को व्हॉट्सअप पर पार्ट टाईम जॉब के लिए मैसेज आया।

### अधेड़ की हत्या से इलाके में सनसनी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना एरिया के गांव खांडसा में शुक्रवार सुबह अधेड़ की हत्या करने का



सनसनीखेज मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस शव को मचुर्री में भिजवा दिया और छानबीन शुरु कर दी। सेक्टर-37 थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक 50 वर्षीय व्यक्ति का शव सड़क किनारे पड़ा है। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक की पहचान 50 वर्षीय राजेश के रूप में हुई। जिसके सिर पर चोट के निशान भी है।

---

आने वाले दिनों में नमो भारत यात्रियों के लिए विशेष छूट भी प्रदान कर सकता है

# नमो भारत कॉरिडोर पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के लिए एनसीआरटीसी ने की उबर के साथ साझेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

यात्री सुविधा को बेहतर बनाने एवं निर्बाध गतिशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ऐप-आधारित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सेवा उपलब्ध कराने के लिए उबर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एनसीआरटीसी प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस साझेदारी के तहत, उबर के अंतर्गत चलने वाली कैब, ऑटो और दोपहिया वाहनों सहित अन्य सेवाएँ, न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ तक सभी परिचालित नमो भारत स्टेशनों पर उपलब्ध होंगी। कॉरिडोर के अतिरिक्त खंडों के परिचालित होने के बाद ये सेवाएँ सभी 25 स्टेशनों तक विस्तारित हो जाएंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए, नमो भारत स्टेशनों पर विशिष्ट पिक-अप/ड्रॉप-ऑफ पॉइंट्स निर्धारित किए गए हैं और उनकी ओर मार्गदर्शन के लिए साइनेजेज़ भी लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में, उबर नमो भारत यात्रियों के लिए विशेष छूट भी प्रदान कर सकता है।

**खास बातें**

- खंडों के परिचालित होने के बाद ये सेवाएं सभी 25 स्टेशनों तक विस्तारित हो जाएंगी
- शहरों में पर्यावरण और यातायात की भीड़भाड़ के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेंगे

### उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना



एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने कहा, उबर के साथ यह साझेदारी नमो भारत कॉरिडोर के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल यात्रियों को एक सुविधाजनक और एकीकृत यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन के प्रयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है जिससे इस क्षेत्र में वाहनों की भीड़भाड़ और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी। उबर इंडिया और साउथ एशिया के सप्लाई हेड, मनीष बिंद्रानी ने कहा, _हमें गर्व है कि हम भारत की सबसे महत्वाकांक्षी परिवहन परियोजनाओं में से एक के लिए योगदान दे रहे हैं। एकीकृत लास्ट-माइल मोबिलिटी प्रदान कर हम साझा परिवहन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके माध्यम से हम निजी वाहनों पर निर्भरता को कम कर, शहरों में पर्यावरण और यातायात की भीड़भाड़ के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर रहे हैं।

---

जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया ने किया निरीक्षण

# बल्लभगढ़ के ऑडिटोरियम में जल्द शुरू होगी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

नगर निगम बल्लभगढ़ जॉन के जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदोरिया ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ के नवनिर्मित ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ बल्लभगढ़ से विधायक पं. मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा के अलावा पार्षद योगेश शर्मा, पार्षद महेश गोयल, पार्षद सोनू वैष्णव, पार्षद रवि भगत, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष गौरव विरमानी और पीडब्ल्यूडी के जेई अरुण भी मौजूद रहे। जॉइंट कमिश्नर करण सिंह ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बल्लभगढ़ विधानसभा में अंबेडकर चौक के पास बनाए ऑडिटोरियम का लोकार्पण किया था, आज स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ इसका अवलोकन किया है।

उन्होंने कहा कि यह भविष्य के लिए शहर के लोगों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा। जल्द ही निगम द्वारा इसमें आयोजनों के लिए बुकिंग व्यवस्था शुरू कर दी जाएगीएउसी के मध्यनजर आज यहां दौरा किया गया है।

**खास बातें**

- शहरवासी सामाजिक धार्मिक आयोजनों के लिए कर सकेंगे बुकिंग
- ऑडिटोरियम का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर चुके हैं लोकार्पण

### विधायक शर्मा ने सरकार के समक्ष मांग रखी



इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने हरियाणा सरकार का आभार व्यक्त किया है और पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास को लेकर पूर्व में परिवहन मंत्री और बल्लभगढ़ से विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने सरकार के समक्ष जो भी मांग रखी, सरकार ने वो पूरी करने का काम किया है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **बकोली** पुत्र स्वर्गीय राम लाल निवासी 174बी, अंबेडकर विहार, जौहरीपुर, दिल्ली ने सी.आई.एस. संख्या 45756/15 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **बकोली** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **बकोली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि सी.आई.एस. संख्या 45756/15 धारा 138 एन.आई. अधिनियम, थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बकोली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री इसरा ज़ैदी,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04, (उत्तर–पूर्व)**
**कमरा नं. 64, चौथा तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/11238/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विश्वजीत** पुत्र स्व. अधीर हलदर निवासी मकान नं. 419–420, गड्ढा, यमुना बैंक के पास, मेट्रो स्टेशन, स्टाफ क्वार्टर, यमुना खादर, शकरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 391/2021 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना शकरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विश्वजीत** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विश्वजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 391/2021 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना शकरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **विश्वजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.10.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री पी. भार्गव राव,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05,**
**कमरा नं. 03, द्वितीय तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/10525/ED/2025

---

## बड़खल की जनता को समर्पित सरकार की एक और एसटीपी स्थापित करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नगर निगम महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने बताया कि बड़खल क्षेत्र की वर्षों से लंबित सीवरेज समस्या अब खत्म होने जा रही है। सुरजकुंड पार्किंग एरिया की भूमि पर



निगम द्वारा एसटीपी स्थापित करने की मंजूरी मिल गई है।

महापौर ने बताया कि इस एसटीपी पर लगभग 12 करोड़ रुपए खर्च होंगे और यह शिव दुर्गा विहार, लक्कड़पुर व दयालबाग क्षेत्र सहित बड़खल की बड़ी आबादी को लाभावित करेगी। इससे न केवल सीवरेज की समस्या का स्थायी समाधान होगा बल्कि जल संरक्षण में भी अहम योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस एसटीपी से प्राप्त जल का उपयोग जमीन रिचार्ज, राजहंस होटल, ग्रीन बेल्ट सिंचाई और सूरजकुंड मेले के दौरान छिड़काव के लिए किया जाएगा। लगभग 1.4 हेक्टेयर भूमि पर बनने वाला यह प्लांट हजारों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचाएगा। महापौर ने बताया कि परियोजना की देरी का मुख्य कारण उपयुक्त भूमि का अभाव था। निगम के पास उपलब्ध भूमि ऊंचाई पर होने से लागत बढ़ रही थी, जबकि अन्य भूमि ग्रुप हाउसिंग के लिए चिन्हित थी।

## कई भाजपाईयों ने कांग्रेस का दामन थामा, जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस के नेतृत्व में कई भाजपाइयों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय सेंट्रल मार्केट गाजियाबाद पर भाजपा की विचारधारा को त्याग कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई गई और सभी का फूलमाला, पहनकर सदस्यता ग्रहण करवाई गई इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी नवनिर्वाचित सदस्य संभव समाधियां के नेतृत्व में सतीश त्यागी, मोहित शर्मा, मनीष कुमार ,रिंकू सिंह ,रघुवीर ,संभव चढ़ा ,बिजेंदर पांडे ,मोनू अनुराग कुमार, सुरेंद्र पाल, जगदीश सिंह ,संदीप , अमनदीप ,उस्मान उर्फ गुड्डू, नितिन , कपिल बृजेश, आदि संभव समाधियां ने कहां की आज देश को कांग्रेस की विचारधारा की जरूरत है इसलिए हम भाजपा की नफरत के विचारधारा का त्याग कर राहुल गांधी जी के प्रेम और भाईचारे की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

## चला जीडीए का बुलडोजर, 49 बीघा में विकसित अवैध कॉलोनियां ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए का बुलडोजर शुक्रवार को मोदीनगर व मुरादनगर चला जीडीए का बुलडोजर चला। वहां 49 बीघा में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों पर ध्वस्त की गई।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में ब्रजवीर सिंह उर्फ बबलू पुनिया रामपाल सिंह राजस्व ग्राम-



बिसोखर, तहसील मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं.-18, 17, 4 व 1, पर लगभग 15000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में कब्जा किया था। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रहेगी।

---

अस्पताल ने नया स्वर्णिम मानक स्थापित किया

# अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने एक साल से भी कम समय में पूरे किए 100 रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

### नई तकनीकी से आर्थोपेडिक सर्जरी को नई दिशा दी

अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद ने महज एक साल के भीतर 100 से अधिक रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पूरी कर एक अहम मुकाम हासिल किया है। विश्व प्रसिद्ध माको रोबोटिक सिस्टम की शुरुआत सितंबर 2024 में की गई थी और शुक्रवार को यह अस्पताल फरीदाबाद का पहला मेडिकल सेंटर बन गया है जो टोटल नीए पार्टियल नी और टोटल हिप रिप्लेसमेंट जैसी अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक प्रदान करता है। पिछले छह दशकों में जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी ने लंबा सफर तय किया है, साधारण इम्प्लांट डिज़ाइन से लेकर 1990 के दशक की कंप्यूटर-असिस्टेड सर्जरी तक और अब रोबोटिक्स जिसने पूरी दुनिया में नया स्वर्णिम मानक स्थापित किया है।



अमृता हॉस्पिटल द्वारा लाई गई नई तकनीक ने कम समय में ही फरीदाबाद की आर्थोपेडिक सर्जरी को नई दिशा दी है।

इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे हैं डॉ. साहिल गाबा हेड ऑफ आर्थोप्लास्टी और रोबोटिक सर्जरी जो भारत के पहले आर्थोपेडिक सर्जन हैं जिन्होंने यूके से रोबोटिक हिप और नी सर्जरी में फलोशिप पूरी की है। उनकी विशेषज्ञता के चलते अस्पताल ने न सिर्फ यह तकनीक शुरू की, बल्कि फरीदाबाद में पहली बार रोबोटिक-असिस्टेड नी और हिप रिप्लेसमेंट भी किया। डॉ. गाबा ने कहा कि श्रोबोटिक्स जॉइंट रिप्लेसमेंट में गेम-चेंजर है। माको सिस्टम हर मरीज की बॉडी एनाटॉमी के अनुसार सर्जरी को कस्टमाइज़ करता है। इससे लिगामेंट बैलेंसिंग में सटीकता मिलती है और रिज़ल्ट ऐसा होता है कि नया जोड़ प्राकृतिक लगता है,दर्द कम, मूवमेंट तेज़ और जीवन में जल्दी वापसी। सर्जरी करवाने वाले फरीदाबाद निवासी 74 वर्षीय सुरेंद्र पाल लांबा ने कहा कि सर्जरी से पहले थोड़ी दूरी चलना भी मुश्किल था। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद ही मैं बिना सहारे चलने लगा। ऐसा लगता है जैसे मैंने अपनी आजादी और जीवन वापस पा लिया हो। इस उपलब्धि के साथ अमृता हॉस्पिटल ने साबित कर दिया है कि वह न सिर्फ टेक्नोलॉजी में बल्कि मरीजों को किफायती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में भी अग्रणी है।

---

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) में कि.मी. 0.00 से 4.308 (साहा बाईपास) (रोड आईडी 10535) पुराना एनएच-73 (नया एनएच-344) के छोड़े गये भाग को चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। | 21.08.2025 04.09.2025 | 520.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प अम्बाला | शाहाबाद-बराड़ा-काला आम्ब रोड से उजाला (रोड आईडी 361) (कार्य कार्यक्रम 2025-26) (मुलाना निर्वाचन क्षेत्र) तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | 21.08.2025 01.09.2025 | 70.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2631396 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में लघु सचिवालय में एडीसी आवास की विशेष मरम्मत (आंतरिक ई.आई. का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 21.08.2025 01.09.2025 | 19.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सोहना निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 4 अदद रोड के सुधार का प्रावधान (I) गुरूग्राम अलवर रोड से राजकीय बहुतकनीकी (रोड आईडी 3109) आश्रम तक कि.मी. 0.00 से 3.60 तक (II) जेल रोड से रिठोज ढाणी तक राजकीय महाविद्यालय रिठोज तक कि.मी. 0 से 0.500 तक (रोड आईडी-10679) (III) एचएसएएमबी से लोनिवि भ व प को हस्तांतरित सोहना दौला से दौला हरचंदपुर रोड 6116 लम्बाई 0 से 670 मी. (रोड आईडी 10681) (IV) जेल रोड से रिथोज ढाणी वाया नया गांव कि.मी. 0.00 से 1.210 (रोड आईडी 10678)। | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 234.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सोहना निर्वाचन क्षेत्र में (कार्य कार्यक्रम 2025-26) 4 अदद रोड के सुधार का प्रावधान। (I) गुरूग्राम जिले में बल्लभगढ़ समेपुर सरमाथला रोड किमी. 8.80 से 13.87 (रोड आईडी 3276) (II) बीपीडीएस रोड लाला खेरली चौपाल कि.मी. 0 से 0.260 रोड आईडी 3092 (III) गुरूग्राम फरीदाबाद रोड से बलोला तक कि.मी. 0.00 से 0.175 तक रोड आईडी 3041 (IV) निमोट घंघोला से सतलाका तक किमी. 0.00 से 0.450 तक रोड आईडी 3097. | बंद होने की तिथि 28.08.2025 | 180.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प जीन्द | सीआरआईएफ स्कीम के तहत जीन्द जिले में सफीदों से जीन्द रोड (एसएच-14) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 10.09.2025 | 7917.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 7 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में ऑफिसर्स कॉलोनी में 11 अदद आवास 1130 वर्गफुट क्षेत्रफल की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 30.08.2025 | 82.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 8 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में लघु सचिवालय फेज-III, रोहतक में सोलर पावर प्लांट का प्रावधान। | 20.08.2025 01.09.2025 | 130 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार में नये लोनिवि (भ व प) विश्राम गृह का निर्माण (वीआरएफ सिस्टम का प्रावधान केवल)। | 20.08.2025 03.09.2025 | 207.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में ज्युडिशियल कॉम्पलैक्स में 2 अदद लिफ्टों का प्रावधान (सिविल और इलैक्ट्रिकल कार्य) (2 अदद लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 20.08.2025 27.08.2025 | 108.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 11 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पर सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 20.08.2025 19.09.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 12 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | अम्बाला जिले में आईसीडीएस के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी की आपूर्ति के परिवहन कार्य की अधिप्राप्ति। | 14.08.2025 03.09.2025 | ईएमडी 25000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 POAMB.WCD2@GMAIL.COM |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हिसार | बरवाला कस्बा : बरवाला, हिसार के 2 अदद सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स से ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट के निपटान हेतु मौजूदा तालाब से गांव धिराए के निकट बहने के लिए 560 मिमी ओ/डी एचडीपीई राइजिंग मेन को बिछाने हेतु डीपीआर, पम्प चेम्बर सहित आरसीसी ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट सम्प, सीवेज सबमर्सिबल पम्पिंग सैट का निर्माण, डीजल जैन. सैट और ट्रांसफॉर्मर, स्वतंत्र फीडर, सभी प्रकार से पूर्ण 560 मिमी ओ/डी एचडीपीई पाइप पीई-100 ग्रेड 12600 मी. इत्यादि को बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 20.08.2025 12.09.2025 | 1710.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8569910916 ee2hissar@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी में गांव रावधी में (रिजर्वेयर) का पानी निकालने के लिए सभी सम्बद्ध वैद्युत एक्सेसरीज सहित एक अदद 630 केवीए ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 03.09.2025 | 47.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 15 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में कॉफी शॉप के लिए ई-नीलामी के सम्बन्ध में। | 25.08.2025 03.09.2025 | ईएमडी 6000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 16 | पंचायती राज कैथल | गुरूद्वारा के निकट पाहापुर समादा रोड पर धर्मपुरा और लदना चक्कू में बस शेल्टर का निर्माण + 4 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 16.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज करनाल | गांव ऐंचला ब्लॉक मुनक में 2 एकड़ पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 3 कार्य। | 21.08.2025 10.09.2025 | 206.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज झज्जर | 31.04- गांव सुरेहती, ब्लॉक साल्हावास, जिला झज्जर में मेन रोड से राजमल के मकान तक खेत के रास्ते का निर्माण + 1 कार्य। | 21.08.2025 28.08.2025 | 68.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 19 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में हीटिंग, वेंटीलेशन और एयरकंडीशनिंग (एचवीएसी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 25.08.2025 10.09.2025 | ईएमडी 2.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 20 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | रामसरन माजरा - गांव रामसरन माजरा ब्लॉक बाबैन, जिला कुरूक्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 21.08.2025 12.09.2025 | 72.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 21 | सिविल हॉस्पीटल पंचकुला | पार्किंग सेवा। | 23.08.2025 27.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 22 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक के शहरी क्षेत्रों के लिए माइकिंग सहित ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 08.09.2025 | 20,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991369213 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 23 | वन विभाग, फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में पाली गांव में सीएम घोषणा सं. 18069 ई-निविदा। | 21.08.2025 28.08.2025 | ईएमडी 1.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfofbd2@gmail.com |
| 24 | पुलिस विभाग, हरियाणा | हरियाणा 112 ईआरएसएस के तहत आपातकाल प्रत्युत्तर वाहनों के लिए व्यापक कार बीमा के लिए बीमा कम्पनी का चयन। | 22.08.2025 08.09.2025 | ईएमडी 4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-29990122,113,118,119 admin.112@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/480/37980/I/88/7 दि. 22.08.25

## फिर दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज, कई क्षेत्रों में बरसे बदरा



नई दिल्ली। करीब दो दिन की बेरुखी के बाद एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला और शुक्रवार को कई क्षेत्रों में बदरा झमाझम बरसे। संभावना बन रही है कि शनिवार व रविवार को भी दिल्ली वालों को बारिश का आनंद मिल सकता है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली ने पहल ही शुक्रवार को हलकी बारिश की संभावना व्यक्त की थी। सुबह के समय आसमान एक दम साफ था और सूरज की तेज किरणें सीधी जमीन पर पड़ने से तापमान में बढ़ोत्तरी महसूस हुई। लेकिन दोपहर आते आते मौसम के मिजाज बदलने लगे और दिल्ली के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने लगी। दोपहर के समय हुई बारिश से लोगों ने राहत महसूस की। आईएमडी के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले दिल्ली की सफदरजंग वेधशाला ने 0.1 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि रिज एरिया व पूसा में 12 मिमी तक बारिश दर्ज की गई। वहीं आया नगर में 7.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला ने 2.6 मिमी बारिश दर्ज की। जबकि नजफगढ़ में सबसे ज्यादा 33.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं दूसरे नंबर पर मयूर विहार में 31.3 मिमी पानी बरसा। इसके अलावा पालम में 3.6 मिमी, लोदी रोड 3.4 मिमी, रिज एरिया में 3.8 मिमी, आया नगर में 9.9 मिमी और राजघाट में 4.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

### गांधी नगर स्थित अशोक बाजार में आयोजित 'वस्त्रिका-2025' कार्यक्रम में की घोषणा

# यमुनापार के विकास के लिए सरकार बजट देने में कोई संकोच नहीं करेगी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुनापार के विकास को लेकर जो भी आकलन किया जाएगा, दिल्ली सरकार उसी की अनुरूप बजट देने में कोई संकोच नहीं करेगी। यह बात मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट्स मार्किट गांधी नगर स्थित अशोक बाजार में आयोजित 'वस्त्रिका-2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यमुनापार क्षेत्र को पूरी ताकत के साथ फिर से दिल्ली के विकास में अग्रिम श्रेणी में हम खड़ा करेगी।

इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ होलसेल रेडीमेड गारमेंट्स डीलर्स ने किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वस्त्र उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों, व्यापारियों और उद्यमियों से संवाद किया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांधी नगर का वस्त्र उद्योग दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में रेडीमेड परिधान आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है और दिल्ली सरकार दिल्ली के वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रोडक्ट्स की ब्रांडिंग से लेकर क्वालिटी सुधार और वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यमुनापार क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और इसमें जनप्रतिनिधियों की मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यमुनापार के विकास कार्यों के लिए जो भी बजट आवश्यक होगा, उसे सरकार तत्काल स्वीकृत करेगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पूर्वी दिल्ली के सांसद व केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली से आग्रह किया कि वे यमुनापार की जरूरत के अनुसार विकास कार्यों का आकलन तैयार कर हमें भेजें। सरकार उसी के अनुसार तुरंत बजट पारित कर देगी। मुख्यमंत्री ने गांधी नगर रेडीमेड गारमेंट्स मार्केट के बारे में भी विशेष बातें की और बताया कि यह मार्केट केवल दिल्ली की ही नहीं बल्कि पूरे भारत का गर्व है। पिछले 50 वर्षों की इस स्वर्णिम यात्रा में आपने 'वोकल फॉर लोकल' और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को साकार किया है।





### दिल्ली सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार गांधी नगर के व्यापारियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी और हमारा मानना है कि वस्त्रिका-2025 जैसे आयोजन दिल्ली की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली पिछले 10–12 वर्षों में पिछड़ गई थी, लेकिन अब हमारे पास उसे फिर से आगे ले जाने अवसर है। अब दिल्ली विकास की नई राह पर आगे बढ़ रही है।

### डीटीसी इलेक्ट्रिक बसों की नई रूट मैपिंग होगी यमुनापार से शुरू

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम में बताया कि यमुनापार में सार्वजनिक परिवहन सेवा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए ठोक कदम उठाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली परिवहन निगम की इलेक्ट्रिक बसों की नई रूट मैपिंग की शुरुआत यमुनापार से होगी, ताकि यात्रियों को सुविधा और सुलभता मिल सके।

### विधायक लवली के खिलाफ बुजुर्ग ने की नारेबाजी

नई दिल्ली। गांधीनगर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली के खिलाफ नारेबाजी करने के आरोप में शुक्रवार को 60 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति को पकड़ा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रवीण शर्मा नाम का यह व्यक्ति अजीत नगर में केबल टीवी का व्यवसाय करता है। उसने खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताया और कहा कि वह पिछले 40 सालों से पार्टी से जुड़ा हुआ है। डीसीपी (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया कि गांधी नगर निवासी प्रवीण शर्मा ने गांधी नगर के विधायक अरविंदर सिंह लवली के खिलाफ उस समय नारे लगाए जब वह लोगों को संबोधित कर रहे थे। अधिकारी ने बताया कि शर्मा सुरक्षा बैरिकेड्स के पीछे एक गली में खड़े थे और उन्हें तुरंत कार्यक्रम स्थल से बाहर ले जाया गया। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि वीआईपी की सुरक्षा में किसी भी क्षण कोई चूक नहीं हुई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई। बुधवार को उन पर हुए हमले के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी। अधिकारियों ने कहा कि उनके पहुंचने से पहले ही हंगामा समाप्त हो चुका था। सीएम गुप्ता पर बुधवार को 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान सिविल लाइंस शिविर कार्यालय स्थित आवास पर 41 वर्षीय एक व्यक्ति ने कथित तौर पर हमला किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था और फिलहाल वह जेल में है। आरोपी शख्स के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को गांधीनगर में हुई घटना को लेकर फिलहाल पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

## सीएम ने इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 ग्रैंड फिनाले में विजेताओं को किया पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में दिल्ली की खास भूमिका होगी। अगर हम जनता के साथ मिलकर काम करें तो दिल्ली न केवल विकास का पिछड़ा हुआ काम पूरा करेगी बल्कि भारत का सबसे सुंदर और बेहतरीन शहर बनेगी। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन 2025 का ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में उपस्थित यंग इनोवेटर्स को संबोधित करते हुए कही। अशोक होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें परंपराओं को आंख मूंदकर नहीं अपनाना चाहिए। हमारे युवाओं ने दिखाया है कि नए विचारों में कितनी ताकत है। कभी भारत की आबादी को बोझ माना जाता था, लेकिन आज यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे यंग इनोवेटर्स ने साबित किया है कि अगर हम साथ मिलकर काम करें तो दिल्ली के विकास की रफ्तार 4 गुना बढ़ सकती है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पानी, सीवरेज, स्कूल और इंफ्रास्ट्रक्चर दिल्ली की बड़ी चुनौतियां हैं लेकिन अगर हम इन्हें रुकावट नहीं बल्कि अवसर मानें तो मलबे को भी सोने में बदला जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय बहुत से लोगों ने सोचा था कि वे देश के लिए अपनी जान दे सकते हैं, लेकिन असली मौका देश के लिए जीने का है और हमारे युवा यही कर रहे हैं।

## डीडीए ला रही है प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2025, 26 अगस्त से शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) लोगों के लिए एक और आवास योजना ला रही है। डीडीए की इस नई प्रीमियम हाउसिंग स्कीम 2025 की शुरुआत 26 अगस्त 2025 से शुरू हो रही जिसके तहत कोई भी व्यक्ति ई नीलामी के तरीके से अपने सपनों का घर खरीद सकता है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस योजना में 311 फ्लैट्स शामिल किए गए है जिनमें हाई इंकम ग्रुप (एचआईजी), एमआईजी (मिडिल इनकम ग्रुप) और एलआईजी यानी लो इनकम ग्रुप के फ्लैट्स शामिल किए गए है। यह फ्लैट्स ई नीलामी के जरिए बोली लगाकर कोई भी व्यक्ति आसानी से खरीद सकता है। डीडीए का कहना है यह सभी फ्लैट्स दिल्ली के दिल में अपना प्रीमियम एड्रेस बनाने के लिहाज से बेहतरीन जगह बने है। इनमें वसंत कुंज, द्वारका, रोहिणी, शालीमार बाग, जसोला, महिपालपुर, जहांगीरपुरी, पीतमपुर और अशोक नगर सहित कई अन्य प्राइम लोकेशन शामिल है। इस योजना में शामिल सभी फ्लैट्स रेडी-टू-मूव के लिए तैयार है। यानी बोली लगाओ, घर खरीदो बोर तुरंत अपने सपने के घर में पहुंच जाओ। तीनों श्रेणियों के फ्लैट्स के लिए डीडीए की इस स्कीम में फ्लैट्स का आवंटन पूरी तरह से ऑनलाइन ई-ऑक्शन के जरिए ही होगा। नीलामी को पूर्ण पारदर्शी रखने का दावा डीडीए ने फिर से किया गया है। इसके लिए आवेदकों को डीडीए की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य होगा।

## दिल्ली सरकार ने स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता की दूसरी किस्त में 1668 करोड़ 41 लाख किए जारी

### समय पर फंड मिलने से दिल्ली में बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित होंगी : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देशानुसार शहरी विकास विभाग, दिल्ली सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता की दूसरी किस्त में कुल 1668 करोड़ 41 लाख रुपए की राशि दिल्ली के तीनों स्थानीय निकायों को जारी कर दी है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दी। मंत्री सूद ने बताया कि इसमें दिल्ली नगर निगम (एमसीडी)को 1641.13 करोड़ रुपए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को 16.18 करोड़ रुपए और दिल्ली छावनी परिषद को 11.09 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। सूद ने कहा कि यह वित्तीय आवंटन सरकार की स्थानीय निकायों को मजबूत करने तथा इन निकायों को समय पर वित्तीय सहायता प्रदान कर लोगों तक आवश्यक सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने इन तीनों निकायों को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 835 करोड़ की राशि जून 2025 में ही जारी कर दी थी।



### वित्तीय सहायता से निगम के विकास कार्यों में आएगी गति

शहरी विकास मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली नगर निगम को दी जा रही वित्तीय सहायता से न केवल निगम के विकास कार्यों में गति आएगी, बल्कि कर्मचारियों को समय पर वेतन भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि जब से दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में कार्य हो रहा है, तभी से सभी स्थानीय निकायों को समय पर फंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दिल्ली सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में किसी भी विकास कार्य के लिए स्थानीय निकायों को वित्तीय सहायता की कोई कमी न रहे।

### पिछली सरकार एमसीडी को समय पर नहीं जारी करती थी फंड

शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने कहा कि पिछली सरकार समय पर दिल्ली नगर निगम को फंड जारी नहीं करती थी, जिसके पीछे उनकी गलत मंशा थी और इसका असर दिल्ली की जनता के लिए आवश्यक कार्यों पर भी पड़ा। लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी बुनियादी नागरिक सुविधाएं लोगों तक बिना किसी व्यवधान और समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

## दिल्ली में इस वर्ष छठ महापर्व का होगा भव्य आयोजन : कपिल

नई दिल्ली। इस बार दिल्ली में छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। दिल्ली सरकार इस आयोजन लिए पूरा सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिजली, पानी और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। यह बातें दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर एक बैठक करने के बाद कही। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस बैठक में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से आईं 20 से अधिक छठ समितियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य था छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और आयोजन को और अधिक सुव्यवस्थित बनाना। बैठक में उपस्थित छठ समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इनमें अधिक से अधिक शिविर लगाने की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पानी के टैंकर भेजना, घाटों की सफाई एवं पर्याप्त संख्या में शौचालय तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित चेंजिंग रूम की व्यवस्था करना, घाटों को समय से पहले तैयार करना शामिल रहा। मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार सभी आवश्यक सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। एवं उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली में छठ महापर्व श्रद्धा, गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाए और प्रत्येक श्रद्धालु को सुगमता और सुविधा का अनुभव हो। मिश्रा ने सभी घाटों को नवरात्रों से पूर्व तैयार करने का आश्वासन दिया।

### रिज एरिया में 28 हजार क्यूबिक मीटर पानी जमा, इकोलॉजिकल सिस्टम के लिए संजीवनी

# उपराज्यपाल सक्सेना के दिशा निर्देश पर बदल रही है सिविल लाइन की सूरत, 17 पाइप लाइन डाली गई

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली

जलभराव से निजात दिलाने की उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की पहल व दिशा निर्देश पर सिविल लाइन क्षेत्र की दिशा व दशा बदल रही है। राजनिवास के अनुसार जहां पहले सिविल लाइन क्षेत्र में बरसाती पानी के भरने से लोगों को यातायात जाम सहित कई दिक्कतें उठानी पड़ रही थी। वहीं अब इसमें सुधार होने से लोगों को काफी राहत मिली है। राजनिवास के एक अधिकारी ने बताया कि सिविल लाइन के राजपुर रोड सहित अन्य जगहों पर भारी जलभराव के बाद 28 मई 2025 को एलजी सक्सेना ने संबंधित एजेंसियों के आला अधिकारियों के साथ खुद निरीक्षण किया था और जलभराव से निजात के लिए व्यापक योजना बनाने के दिशा निर्देश दिए थे। एलजी ने निर्देश दिए थे कि यहां जमा होने वाले पानी को स्थानीय कमला नेहरू रिज एरिया में पहुंचाएं और वहां जमा करने के लिए योजना बनाकर कार्य शुरू किया जाए। जिसके बाद दिल्ली विकास प्राधिकरण और पीडब्ल्यूडी ने क्षेत्र का अध्ययन किया और एलजी के दिशा निर्देशानुसार कार्य योजना बनाकर इस क्षेत्र को जलभराव से मुक्त किया और साथ ही क्षेत्र का यहां का भूजल स्तर बढ़ाने में भी कामयाबी पाई। अधिकारी के अनुसार एजेंसियों ने यहां के बरसाती पानी को कमला नेहरू रिज एरिया तक पहुंचाने के लिए बाउंड्रीवाल से 17 अलग अलग जगह अंडरग्राउंड पाइप लाइन डाली और पानी को रिज एरिया में पहुंचाने में कामयाबी पाई। जिससे यहां अब तक करीब 28 हजार क्यूबिक मीटर पानी को रिज एरिया में जमा किया जा चुका है। इससे प्राकृतिक जलाशय का निर्माण भी हो रहा है और सिविल लाइन क्षेत्र का जलस्तर भी बराबर बढ़ रहा है। जलाशय बनने से हजारों जीव जंतुओ व जानवरों के लिए प्यास बुझाने से लेकर उनके आवास का कार्य भी हो रहा है। एलजी का यह कदम इस क्षेत्र के इकोलॉजिकल सिस्टम के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसके अलावा जल भंडारण व जलभराव से मुक्त क्षेत्र बनने से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम कदम माना जा रहा है। सनद रहे कि सिविल लाइन क्षेत्र में ही राजनिवास यानी एलजी हाउस है, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का सरकारी आवास भी यहीं है। इसके अलावा प्रसिद्ध शाह आडिटोरियम, गुजराती भवन, कई नामी गिरामी बड़े स्कूल भी इसी क्षेत्र में है। इनके अलावा बड़े बड़े पूंजीपतियों के आवास भी सिविल लाइन में बने है। इस लिए यह क्षेत्र अपने आप में अलग महत्व रखता है। बता दें कि इससे पहले बारिश के दौरान सिविल लाइन एरिया के राजपुर रोड सहित कई हिस्सों में भारी जलभराव हो जाता था। जिससे अक्सर यातायात जाम व वाहनों के बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर एलजी ने खुद पहल की और बरसाती पानी से जलभराव की बजाए भूजल स्तर बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाया, जिसके नतीजे आज दिखाई दे रहे है।



## 'आप' ने आचार्य भिक्षु अस्पताल प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा के एक विधायक पर डॉक्टर से की गई मारपीट और बदतमीजी का आरोप लगाकर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने शुक्रवार को आचार्य भिक्षु अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट ऑफिस के बाहर धरना प्रदर्शन किया। 'आप' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में अन्य विधायक अस्पताल की एमएस से मिलने पहुंचे और अभी तक एफआईआर नहीं होने का कारण पूछा। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि एमएस कह रही हैं कि उन्होंने मामले को 'हल' कर दिया है। इसलिए अब वो पुलिस में एफआईआर नहीं दर्ज कराएंगी। डॉक्टर को शिकायत वापस नहीं लेने पर करियर खराब करने की धमकी दी जा रही है। आचार्य भिक्षु अस्पताल की एमएस न्याय नहीं होने दे रहीं हैं। इस दौरान संजीव झा, विशेष रवि कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह समेत अन्य विधायक मौजूद रहे। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमें जानकारी मिली कि जिस इंटर्न डॉक्टर के साथ गुरुवार को 11 बजकर 15 बजे भाजपा विधायक हरीश खुराना और उनके समर्थकों ने मारपीट और गाली-गलौज की, उस डॉक्टर और उसके परिवार पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। इस घटना को 24 घंटे से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन एमएस उमा ने 42 डॉक्टरों की लिखित शिकायत, जिसमें एफआईआर दर्ज करने की मांग है, पुलिस को नहीं दी।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

लाइफ Style



# कृति वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के ज़रिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप

### धनशोधन मामले में अंकित की मुश्किलें बढ़ीं

**रांची।** झारखंड में अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के एक मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र




साओ के बेटे अंकित राज और छह अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर कर दिया। कांग्रेस नेता साओ झारखंड के कृषि मंत्री रह चुके हैं। ईडी का आरोप है कि अंकित राज राज्य में चल रहे एक व्यापक, व्यवस्थित और बहुस्तरीय अवैध रेत खनन सिंडिकेट का मास्टरमाइंड था।

### स्वामी प्रसाद मौर्य खिलाफ संभल कोर्ट में याचिका

**संभल।** कांवड़ियों के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर संभल की अदालत में पूर्व मंत्री



स्वामी प्रसाद मौर्य व विधायक इकबाल महमूद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। हिंदू शक्ति दल के अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आदित्य सिंह की अदालत में याचिका दायर कर दोनों नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है।

### फंदे से लटका मिला एमबीबीएस छात्र का शव

**अयोध्या।** जिले के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज, गंजा में 2024 बैच के एमबीबीएस छात्र सागर



पटेल का शव छात्रावास के कमरे में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने चिकित्सकों के साथ छात्र को मेडिकल कॉलेज, दर्शन नगर पहुंचाया। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसके मृत होने की पुष्टि कर दी। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

## मानसून सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा, सवाल-जवाब में उलझे

# मृतक बेटी के नाम पर राजनीति बंद करे विपक्ष कांग्रेस राज में एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन जमकर हंगामा हुआ। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विपक्ष को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि मनीषा बेटी के मामले पर राजनीति करना बंद करें। उन्होंने कहा कि विपक्ष केवल अनावश्यक हंगामा कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है, जबकि इस विषय पर प्रश्नकाल में सवाल पहले से ही सूचिबद्ध है और उस पर चर्चा भी होनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि भिवानी की बेटी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस और वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में जमीन आसमान का अंतर है। कांग्रेस राज में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर थी। उस समय तो एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी, जिससे पीड़ित दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होते थे। इनके विपरीत आज तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष दिखावा कर रहा है, जबकि जनता को कांग्रेस के कृत्य अच्छी तरह याद हैं। इस बार सदन में कुछ युवा विधायक चुनकर आए हैं, जिन्हें शायद अंदाजा भी नहीं होगा कि कांग्रेस शासनकाल में प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति शर्मनाक थी।



### सत्र के दौरान तीन विधेयक प्रस्तुत किए

हरियाणा विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान तीन विधेयक प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत किए गए विधेयकों में हरियाणा विधान सभा (सदस्य वेतन, भत्ता तथा पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025, हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 तथा हरियाणा नगरपालिका क्षेत्रों के बाह्य क्षेत्रों में अपूर्ण नागरिक सुख सुविधाओं तथा अवसंरचना का प्रबंधन (विशेष उपबंध) संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं।

### साइकिल या ई-रिक्शा से विधानसभा पहुंचने का आह्वान

विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए सभी विधायकों से 26 अगस्त को साइकिल या ई-रिक्शा से पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के लिए समाज और सरकार को मिलकर प्रयास करने होंगे। इस दिशा में 26 अगस्त को सदन के सभी सदस्य साइकिल या ई-रिक्शा से पहुंचकर इस दिशा में सहयोग करें। विधायकों को उनके आवास या एमएलए हॉस्टल से विधान सभा भवन तक लेकर आने के लिए साइकिल या ई-रिक्शा का प्रबंध विधान सभा सचिवालय की ओर से किया जाएगा।

समीक्षा बैठक में योगी का निर्देश

# यूपी की नगर पालिकाओं में अब स्मार्ट क्लासरूम, ईवी स्टेशन व डिजिटल सेवाएं

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान कहा कि नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित बनाने के लिए कार्य करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। कहा कि बेहतरीन नगरीय अवस्थापना का मानक जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को बनाएं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कहा कि 20 साल बाद नगर निगमों की वित्तीय स्वीकृति सीमा बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ और कानपुर में 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने और अन्य नगरों में 650 बसों की खरीद के प्रस्ताव को भी तुरंत प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक-केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर जल्द कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढाँचे भी स्थापित किए जाएंगे।

### नगर निकायों को 4 से 10 करोड़ तक का अनुदान

अधिकारियों ने बताया कि नगर निकायों को 4 करोड़ से 10 करोड़



रुपए तक का अनुदान उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव है, जो उनकी जनसंख्या और कार्यदक्षता पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को विकसित-स्मार्ट स्वरूप देने से न केवल आधारभूत संरचना सुदृढ़ होगी, बल्कि नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी सेवाएं भी मिलेंगी। बैठक में लखनऊ और कानपुर में 200 इलेक्ट्रिक बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मोड पर संचालित करने तथा अन्य नगरों में 650 बसों की प्रत्यक्ष खरीद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

### हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है। लखनऊ व गोरखपुर स्थित एकीकृत कमांड एवं कंट्रोल सेंटर से समीपवर्ती जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को जोड़ा जा सकता है। इससे नगर पालिकाओं को सुरक्षा, निगरानी और शिकायत निवारण जैसी सेवाओं में आधुनिकता मिलेगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव होगा। प्रत्येक नगर पालिका में परियोजनाओं का चयन स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर किया जाए।

### बकाए की वसूली-समाधान के लिए चलाया जाएगा अभियान

मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण निर्देश में सभी नगर निगमों में निवासियों के विविध कर बकाए में विसंगतियों के तत्काल समाधान पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभियान चलाकर लोगों से आपत्तियां आमंत्रित की जाएं और समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याओं का यथोचित व संतुष्टिपरक समाधान कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नगर निकायों के पास अपना भवन होना चाहिए।

# झारखंड में 4296.62 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सरकार ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विधानसभा में 4296.62 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया। चालू वित्त वर्ष के लिए अनुपूरक मांगें पहले 4 अगस्त को पेश की जानी थीं। लेकिन, पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन के कारण सदन की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के कारण इन्हें पेश नहीं किया जा सका। इससे पहले मार्च में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का वार्षिक बजट



पेश किया था।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा इस वित्तीय वर्ष के पहले अनुपूरक मांगों में से ग्रामीण विकास विभाग को सबसे अधिक 968.89 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 835.83 करोड़ रुपए और स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग को 448.63 करोड़ रुपए का फंड मिलने का प्रस्ताव है।

## झोले में नवजात का शव लेकर डीएम कार्यालय पहुंचा पिता

### गलत दवा की वजह से गर्भ में ही शिशु की मौत!

एजेंसी ▶▶ लखीमपुर खीरी

जिले में निजी अस्पताल के लापरवाह रवैये ने एक नवजात बच्चे की जान ले ली। नवजात का शव झोले में रखकर पिता शुक्रवार दोपहर डीएम कार्यालय पहुंचा तो खलबली मच गई। इसके बाद मामले का संज्ञान लेते हुए सीएमओ संतोष गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की।

शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे थाना भीरा क्षेत्र के गांव नौसर



जोगी निवासी विपिन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी रूबी को महेवागंज स्थित गोलदार हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां डिलीवरी के दौरान रूबी की तबीयत खराब हो गई। उसे आनन-फानन दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि दवा गलत की वजह से गर्भ में ही शिशु की मौत हो गई है। डॉक्टर ने महिला की डिलीवरी कराई।

### अफसरों ने मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई शुरू की

पीड़ित पिता नवजात के शव को झोले में रखकर डीएम कार्यालय पहुंच गया। जहां मौजूद सीएमओ से न्याय की गुहार लगाई। मामले की जानकारी होते ही सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, सदर एसडीएम अश्वनी कुमार व शहर कोतवाल हेमंत राय ने मौके पर पहुंचकर कागजी कार्रवाई शुरू कर दी।

## पेज एक का शेष

### सड़कों पर कुत्तों...

स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। पीठ ने साफ किया कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी।

**पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं डॉग लवर्स:** लोगों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने पब्लिक फीडिंग बंद कर दी है, हम लोग इन बच्चों को खाना कैसे खिलाएंगे। हम पूरी तरह से खुश नहीं हैं। एनिमल लवर्स का ये भी सवाल है कि इसकी पहचान कैसे होगी कि रेबीज वाले कुत्ते कौन से हैं और कौन से कुत्ते ज्यादा हिंसक हैं। इस हिसाब से तो एमसीडी सभी कुत्तों को उठाकर ले जाएगी। लोगों का कहना है कि अगर हम कुत्तों को खाना नहीं देंगे तो वो आक्रामक हो जाएंगे। आवारा कुत्तों को हर जगह खाना खिलाने की छूट दी जानी चाहिए। डॉग लवर्स ने कहा कि ये अच्छा फैसला है, लेकिन इसके लूपहोल का फायदा उठाया जा सकता है। कई लोग सिर्फ कुत्ते के भौंकने पर एमसीडी में कॉल कर सकते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता और वकील ननिता शर्मा ने भावुक होते हुए कहा, मुझे लगता है कि ये बहुत अच्छा फैसला है। आवारा कुत्तों का खयाल रखना लोकल अथॉरिटीज की ड्यूटी है।

### आवारा कुत्तों को...

कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि किसी लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोका जाता है, तो वह इसके लिए उत्तरदायी होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी के सामने आवेदन कर सकते हैं।

### आवारा कुत्तों की भलाई के ...

निर्माण में किया जाएगा, जिसको जमीन पर लागू करने का काम संबंधित नगर निकायों के तत्वावधान में किया जाएगा।

### तो भ्रष्टाचारी 'जेल'...

मंत्री अगर गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन से ज्यादा हिरासत में रहते हैं तो पद से हटा दिए जाएंगे। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को अंजाम तक अगर पहुंचना है तो कोई भी कार्रवाई के दायरे से बाहर नहीं होना चाहिए। बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है, मेरा साफ मानना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अगर अंजाम तक पहुंचाना है तो कोई भी कार्यवाही के दायरे से बाहर नहीं होना चाहिए।

**सुबह-शाम ये लोग मोदी को भांति-भांति की गाली दे रहे :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये आरजेडी और कांग्रेस वाले कोई बेल पर बाहर है तो कोई रेल के खेल में अदालत के चक्कर लगा रहा है। जो जमानत पर बाहर घूम रहे हैं वो आज इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर ये जेल चले गए तो इनके सार सपने चकनाचूर हो जाएंगे। इसलिए सुबह- शाम ये लोग मोदी को भांति-भांति की गाली दे रहे हैं। इतने बौखलाए हैं कि इन जनहित के कानून का विरोध कर रहे हैं। हमारे राजेंद्र बाबू और बाबा साहेब आंबेडकर ने कभी सोचा भी नहीं था, कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि सत्ता के भूखे लोग भ्रष्टाचार करेंगे और जेल जाने पर भी कुर्सी से चिपके रहेंगे लेकिन अब भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी। भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त होने का संकल्प देश के कोटि-कोटि लोगों का है जो पूरा होकर रहेगा।

### इस कानून के...

जमानत लेनी होगी और जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी। मोदी ने कहा कि क्या जेल से कोई सरकार चला सकता है? इसलिए ऐसा सख्त कानून बनाने की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। ये आरजेडी वाले, ये कांग्रेस वाले, ये लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ये बहुत गुस्से हैं। कौन नहीं जानता है कि उनको किस बात का डर है। जिसने पाप किया होता है वो अपने पापों को दूसरों से छिपाता है लेकिन खुद अंदर से जानता है कि क्या खेल खेला है। इन सबका भी यही हिसाब है।

### ऑनलाइन गेमिंग ...

चलाना, उसका विज्ञापन करना या उनसे जुड़ा लेन-देन करना अपराध होगा। हालांकि, खिलाड़ियों पर कोई सजा नहीं होगी। लेकिन ऐसे गेम चलाने वाले, विज्ञापन देने वाले और आर्थिक मदद करने वालों को जेल और जुर्माना झेलना पड़ सकता है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयकर विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर अधिनियम 2025, अगले वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। नया अधिनियम पुराने कर कानूनों को सरल बनाएगा और कानून में शब्दों की अधिकता को कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा।

### मुकेश अंबानी...

में परिवार के पालन-पोषण में अहम भूमिका निभाई है। उनका जन्म रतिलाल जशराज पटेल और रुक्ष्मणीबेन के घर हुआ था। 1955 में उनकी शादी धीरूभाई अंबानी से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं। मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, नीना कोठारी और दीप्ति सालगावकर।

**मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं:** कोकिलाबेन अपने बड़े बेटे मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं। साल 2002 में कोकिलाबेन ने धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद रिलायंस साम्राज्य के विभाजन के लिए अपने बेटों के बीच दरार को पाटने में अहम किरदार निभाया था।

## पेज तीन का शेष

### उपराष्ट्रपति पद...

ने नक्सलवाद का दंश झेला है। केरल की जनता निश्चित रूप से देखेगी कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में, एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

### राहुल गांधी ने फाड़ दिया ...

दावा किया कि उस वक्त मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लालू प्रसाद यादव की मदद के लिए यह अध्यादेश लाया गया था। तब राहुल गांधी ने नैतिकता के नाम पर, कैबिनेट द्वारा अनुमोदित अध्यादेश की प्रति सार्वजनिक रूप से फाड़ दी थी, लेकिन आज वही राहुल गांधी गांधी मैदान में लालू जी को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### नमस्ते सदा ...

चाहिए जो पार्टी की लाइन के विपरीत हों।" हालाँकि शिवकुमार की ओर से अभी तक इस विवाद पर कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने यह पंक्तियाँ केवल अपनी बात को समझाने के लिए उद्धृत की थीं और इसे राजनीतिक संदेश के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि कर्नाटक की राजनीति में यह घटना कांग्रेस के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती है। विपक्ष को इससे एक नया हथियार मिला है, वहीं भाजपा अब इसे जोरशोर से भुनाने में जुट गई है।

### ओपनएआई इस साल भारत...

डेवलपर्स और एकेडमिक इंस्टीट्यूशन के साथ रिलेशनशिप को मजबूत करेगी। ऑल्टमैन ने कहा, 'भारत में एआई के लिए एक्साइटमेंट और अपॉर्चुनिटी का लेवल अविश्वसनीय है। भारत में ग्लोबल एआई लीडर बनने के लिए सभी जरूरी तत्व मौजूद हैं। इनमें टेक टैलेंट, वर्ल्ड क्लास डेवलपर इकोसिस्टम और इंडिया एआई मिशन में सरकार का सपोर्ट शामिल है।'

कंपनी ने कहा कि यूजर्स के लिहाज से अमेरिका के बाद भारत उसका दूसरा सबसे बड़ा मार्केट और सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। पिछले एक साल में भारत में चैटजीपीटी के वीकली एक्टिव यूजर्स की संख्या चार गुना से भी ज्यादा बढ़ गई है। इतना ही नहीं भारत ओपनएआई डेवलपर के टॉप-5 मार्केट में से एक है। वहीं दुनिया भर में चैटजीपीटी को यूज करने वाले स्टूडेंट्स में सबसे ज्यादा स्टूडेंट भारत के ही हैं।

### हिंडन एयरबेस से नागरिक...

इंडिगो जैसी लगभग दो नागरिक विमान कंपनियां अपनी उड़ानों का संचालन कर रही हैं।

**सूर्यास्त के बाद नहीं होती उड़ानें :** सूत्रों ने कहा कि वायुसेना के एयरबेस चूंकि सामरिक दृष्टिकोण से अपने तमाम विमानों (लड़ाकू और परिवहन विमान, हेलिकॉप्टर शामिल) की उड़ानों और अभियानों को अंजाम देते हैं। जिसमें आपातकालीन परिस्थिति को छोड़कर सूर्योदय से उड़ानों की शुरुआत और सूर्यास्त के साथ उनके समापन का नियम लागू है, शनिवार-रविवार को सामान्यतः गतिविधियां नहीं होती हैं। लेकिन एएआई का कहना है कि सूर्यास्त के बाद भी यानी नागरिक विमानों को रात में भी एयरबेस से विमान संचालन की अनुमति प्रदान दी जाए। जो वायुसेना के लिए देश की राष्ट्रीय सैन्य-सुरक्षा के नजरिए से फिलहाल संभव नहीं है। दूसरी तरफ एयरबेस से सैन्य-असैन्य विमानों की उड़ानों के संचालन, रखरखाव या विकास की पूरी जिम्मेदारी वायुसेना के कंधों पर ही है। बल के पास स्टाफ सीमित है। जिसे देखते हुए भी भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की मांगें फिलहाल उचित नजर नहीं आती हैं।

**बड़े विमानों के आगमन से पड़ता भार :** समझौते के बाद वायुसेना ने एएआई को हिंडन एयरबेस पर नागरिक विमानों के लिए दो पार्किंग दी थी। शुरुआत में एटीआर टर्बोप्रॉप जैसे छोटे जहाजों (40 से 70 सीटों वाले) का ही विमानन कंपनियां प्रयोग कर रही थीं। लेकिन अब जहाज का आकार बड़ा हो गया है। जिसकी वजह से एयरबेस पर यात्रियों की संख्या भी बढ़ गई है। हिंडन की कुल क्षमता 300 लोगों को संभालने की है। लेकिन वर्तमान में एक समय में करीब 450 लोग आ रहे हैं। जिन्हें हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने में लगने वाली समय की अधिकता की वजह से विमानों की उड़ान मसलन टेकऑफ और लैंडिंग में परेशानी हो रही है। वायुसेना की तरफ से हालांकि एएआई को बड़े जहाजों के लिए कुछ अतिरिक्त सुविधा प्रदान की गई है। बल ने एएआई को समझौते की पांच वर्षों की मियाद के दौरान एयरबेस के आसपास पार्किंग या हवाईअड्डे के नागरिक भवन को तैयार करने का सुझाव दिया था। जिसे प्राधिकरण ने अनसुना कर दिया और अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

## शादी का बना रही थी दबाव

# गर्लफ्रेंड के किए 7 टुकड़े, 3 कुएं, 4 नदी में फेंके

एजेंसी ▶▶ झांसी

यूपी में झांसी के किशोरपुरा गांव में कुएं के अंदर बोरे में मिली सिर-पैर कटी महिला की लाश का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। शादी का दबाव बनाने पर महिला की बेरहमी से हत्याकर दी गई थी। पूर्व ग्राम प्रधान ने अपने भतीजे और एक साथी के साथ मिलकर महिला का पहले गला दबाकर हत्या की। इसके बाद फरसे से उसके सात टुकड़े किए। तीन बोरे में भरकर कुएं में फेंक दिए और चार रेवन नदी में फेंक दिया। पुलिस ने पूर्व प्रधान व उसके भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि साथी की तलाश जारी है।

### मुकदमे की पैरवी के दौरान प्रेम संबंध

एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि तफ्तीश के दौरान पता चला कि महिला मप्र के गांव मैलवारा टीकमगढ़ की रचना यादव है। रचना शादीशुदा थी और उसके दो बच्चे थे। शादी के पांच साल बाद विवाद होने पर वह मायके आ गई और दूसरी शादी महेवा के शिवराज से कर ली। यह रिश्ता भी ज्यादा दिन नहीं चला और रचना ने शिवराज व उसके परिवार पर मुकदमा दर्ज करा दिया। मुकदमे की पैरवी में पूर्व प्रधान संजय पटेल मदद कर रहा था। इसी दौरान दोनों में प्रेम-संबंध हो गए।



रचना संजय से रुपयों की मांग करते हुए शादी करने का दबाव भी बनाने लगी। संजय शादी के लिए तैयार नहीं था। इस पर रचना को रास्ते से हटाने के लिए भतीजे संदीप पटेल और गरौठा निवासी प्रदीप अहिरवार संग उसकी हत्या करने की साजिश रची।

### आठ टीमों ने कड़ी से कड़ी जोड़ी और किया खुलासा

हत्याकांड का खुलासा के लिए आठ टीमें लगी थी। इन टीमों ने कड़ी से कड़ी जोड़ी। इसके बाद युवती की शिनाख्त को लेकर 10 पुलिस टीमें लगाई गईं। लाश की शिनाख्त करते हुए पुलिस जब रचना के घर मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ पहुंची तो उसके भाई ने रचना की शिनाख्त की। भाई ने बताया कि संजय ने फोन पर कहा था कि तेरी बहन को मार डाला है। भाई के बयान पर पुलिस संजय तक पहुंची और उसे व उसके भतीजे को उठाकर पूछताछ की। पूछताछ पर दोनों ने वारदात बयां कर दी।

## छात्रों के आंदोलित होते ही एक्शन

# मोबाइल पर अश्लील मैसेज, संबंध बनाने का दबाव बना रहा था प्रोफेसर



एजेंसी ▶▶ उन्नाव

जिले में स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज का एक प्रोफेसर छात्रों को मोबाइल पर अश्लील मैसेज कर रहा था। छात्रों पर संबंध बनाने का दबाव भी डाल रहा था। प्रोफेसर की हरकतों से नाराज छात्रों ने प्राचार्य से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गुरुवार को छात्रों ने प्रोफेसर के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला भी फूंका। इंटरनल परीक्षा का बहिष्कार कर प्रोफेसर को हटाने की मांग की। छात्रों के आंदोलित होते ही कॉलेज प्रशासन ने प्रोफेसर को निलंबित करने के बाद उनकी सेवा समाप्त कर दी। इस कार्रवाई के बाद छात्र परीक्षा देने के लिए तैयार हुए हैं। सरस्वती मेडिकल कॉलेज के एक प्रोफेसर के खिलाफ एक दर्जन से अधिक छात्रों ने आरोप लगाया कि वह संबंध बनाने के लिए आए दिन दबाव बनाते हैं। उनके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजते हैं। बात न मानने पर फेल करने की धमकी देते हैं। महाराष्ट्र के रहने वाले 2024 बैच के एक छात्र ने प्रोफेसर की इस शर्मनाक हरकत को उजागर करते हुए बताया कि कई महीने से प्रोफेसर की नजर उसके ऊपर थी। वह आए दिन उस पर संबंध बनाने का दबाव डालते थे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली जं.–हरिद्वार–दिल्ली जं. के बीच संचालित रेलगाड़ी सं. 04413/04414 की संचालन अवधि को 21.11.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाड़ी अब इसी नंबर सं. 04413/04414 के साथ दिल्ली जं.–शामली–दिल्ली जं. के बीच संशोधित समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी। इसका विवरण निम्नानुसार है :–

रेलगाड़ी सं. 04413/04414 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. विशेष रेलगाड़ी की समय-सारणी

| रेलगाड़ी सं. 04413 | | स्टेशन (↓ 04413, ↑ 04414) | रेलगाड़ी सं. 04414 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 10:00 | -- |
| 16:39 | 16:40 | दिल्ली शाहदरा | 09:30 | 09:31 |
| 16:46 | 16:47 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 09:02 | 09:03 |
| 16:52 | 16:53 | नोली | 08:54 | 08:55 |
| 17:12 | 17:13 | खेकड़ा | 08:29 | 08:30 |
| 17:29 | 17:30 | बागपत रोड | 08:12 | 08:13 |
| 17:47 | 17:48 | बड़ौत | 07:49 | 07:50 |
| 17:57 | 17:58 | कासिमपुर खेड़ी | 07:31 | 07:32 |
| 18:13 | 18:14 | कांधला | 07:12 | 07:13 |
| 19:00 | -- | शामली | -- | 07:00 |

नोट:- ट्रेन मौजूदा संरचना के साथ चलेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2570/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



मानसून सत्र

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?

संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख़्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा



को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए।

संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है।

ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'। अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विडम्बना

पंकज चतुर्वेदी




# सुरक्षा बल जवानों में खुदकुशी की प्रवृत्ति खड़े कर रही सवाल

अगस्त महीने के पहले हफ्ते में ही बस्तर के कोंडागांव के बयानार सीएएफ कैंप में प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस साल के आठ महीनों में (अधिकांश बस्तर में ही) सुरक्षा बलों के 11 लोग इस तरह खुद के जीवन को समाप्त कर चुके हैं। जब केंद्र सरकार लगातार छापेमारी कर बड़े नक्सल ऑपरेशन कर रही है और अबूझमाड के उन इलाकों तक सुरक्षा बल पहुंच रहे हैं जिन्हें अभी तक 'अबूझ' कहा जाता था,जवानों में आत्महत्या की प्रवृति चिंता की बात है। दुर्भाग्य है कि जब-तब ऐसी घटनाएं होती हैं, जांच आदि के दल गठित होते हैं लेकिन हफ्ता बीतते ही जवानों को उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता जिससे हताश उनका साथी खुदकुशी कर चुका था। गत एक दशक के दौरान बस्तर में डेढ़ सौ से अधिक जवान आत्महत्या या फिर अपने ही साथी के क्रोध में मारे गए। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोई भी जवान ऐसे कदम बेहद तनाव या असुरक्षा की भावना से ग्रस्त होकर उठाता है। आखिर वे दबाव में क्यों ना हों? ना तो उन्हें साफ पानी मिल रहा है और ना ही माकूल स्वास्थ्य सेवाएं। जानकर दुख होगा कि नक्सली इलाके में सेवा दे रहे जवानों की मलेरिया जैसी बीमारी का आंकड़ा उनके लड़ते हुए शहीद होने से कहीं ज्यादा होता है। वर्ष 2020 के दौरान नक्सल हिंसाग्रस्त इस राज्य में 38 जवानों ने आत्महत्या की। अगले साल 2021 में यह संख्या 24 और 2022 में 31 हो गई। सन 2023 में 22 और 2024 में 29 जवान इस तरह असामयिक काल के गाल में समा गए। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कोई दो दशक पहले एक जांच दल बनाया था जिसकी रिपोर्ट जून-2004 में आई थी। इसमें घटिया सामाजिक परिवेश, प्रमोशन की कम संभावनाएं, अधिक काम, तनावग्रस्त कार्य, पर्यावरणीय बदलाव, वेतन-सुविधाएं जैसे मसलों पर कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें छुट्टी देने की नीति में सुधार, जवानों से नियमित वार्तालाप, शिकायत निवारण को मजबूत बनाना, मनोरंजन व खेल के अवसर उपलब्ध करवाने जैसे सुझाव थे। इन पर कागजी अमल भी हुआ, लेकिन जैसे-जैसे देश में उपद्रव ग्रस्त इलाका बढ़ता जा रहा है अर्ध सैनिक बलों व फौज के काम का दायरे में विस्तार हो रहा है। यह एक कड़ा सच है कि हर साल दंगा, नक्सलवाद, अलगाववादियों, बाढ़ और ऐसी ही विकट परिस्थितियों में संघर्ष करने वाले इस बल के लोग मैदान में लड़ते हुए मरने से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारियों से मर जाते हैं। यह बानगी है कि जिन लोगों पर हम मरने के बाद नारे लुटाने का काम करते हैं, उनकी नौकरी की शर्तें किस तरह असहनीय, नाकाफी और जोखिमभरी हैं। अपने ही साथी या अफसर को गोली मार देने के मामले भी आए रोज सामने आ रहे हैं। कुल मिलाकर सुरक्षा बल दुश्मन से नहीं, खुद से ही जूझ रही है। सुदूर बाहर से आए केंद्रीय बलों के जवान ना तो स्थानीय भूगोल से परिचित हैं, ना ही उन्हें स्थानीय बोली-भाषा-संस्कार की जानकारी होती है और ना ही उनका कोई अपना इंटेलिजेंस नेटवर्क बन पाया है। वे तो मूल रूप से स्थानीय पुलिस की सूचना या दिशा-निर्देश पर ही काम करते हैं। बस्तर में बहुत सी जगह निर्माणाधीन सड़क की निगरानी के लिए सुरक्षा बलों की दैनिक ड्यूटी लगाई जा रही है। असल में केंद्रीय फोर्स का काम दुश्मन को नष्ट करने का होता है ना कि चौकसी करने का। यह किसी से छिपा नहीं है कि स्थानीय पुलिस की फर्जी व शोषण की कार्यवाहियों के चलते दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण खाकी वर्दी पर भरोसा करते नहीं हैं। अधिकांश मामलों में स्थानीय पुलिस की गलत हरकतों का खामियाजा केंद्रीय बलों को झेलना पड़ता है।

बेहद घने जंगलों में लगतार सर्चिंग व पेट्रोलिंग का कार्य बेहद तनावभरा है, यहां दुश्मन अदृश्य है, हर दूसरे इंसान पर शक होता है, चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर फटेहाल ग्रामीण। पूरी तरह बस अविश्वास, अनजान भय और अंधी गली में मंजिल की तलाश। इस पर भी हाथ बंधे हुए, जिसकी डोर सियासती आकाओं के हाथों में है। सीआरपीएफ की रपट में यह माना गया है कि लंबे समय तक तनाव, असुरक्षा व एकांत के माहौल ने जवानों में दिल के रोग बढ़ाए हैं। वहीं घर वालों का सुख-दुख ना जान पाने का दर्द भी उनको भीतर ही भीतर तोड़ता रहता है। तिस पर वहां मनोरंजन के कोई साधन हैं नहीं और ना ही जवान के पास उसके लिए समय है। महज साफ पानी, मच्छर से निबटने के उपाय, जवानों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कुछ ऐसे उपाय हैं जो कि सरकार नहीं तो समाज अपने स्तर पर अपने जवानों के लिए मुहैया करवा सकता है ताकि जवान एकाग्र चित्त से देश के दुश्मनों से जूझ सकें।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित

दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## मंजिल तक कैसे पहुँचा जाए



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान



उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत




आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर


# जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका

अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई। पिछले चार वर्षों में, हमारी शोध टीम ने सात प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा लोगों की तस्वीरें और साक्षात्कार लिया। हमने उनके कामकाज के सामाजिक अर्थों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान हमें कामकाज के ऐसे सूक्ष्म व प्रत्यक्ष तरीके भी देखने को मिले जिनके कारण बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियां लोगों के कामकाजी जीवन के सामाजिक व आर्थिक ताने-बाने को बिगाड़ रही हैं। हम अपने दो प्रोजेक्ट स्थलों का उपयोग यह दर्शाने के लिए कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इन दो स्थलों में उत्तरी सस्केचवान में लाक ला रोन्ज और न्यू ब्रंसविक में ग्रैंड मनन द्वीप शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पत्रकारों को सुप्रीम कोर्ट से राहत, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने किया स्वागत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (डीयूजे ) ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा द वायर के वरिष्ठ संपादकों करण थापर और सिद्धार्थ वरदराजन को दी गई गिरफ्तारी से अंतरिम राहत का स्वागत किया है। असम पुलिस द्वारा दायर दूसरी एफआईआर के बाद अदालत ने मंगलवार को कार्रवाई पर रोक लगा दी। गौरतलब है कि 11 जुलाई, 2025 को असम पुलिस ने "द वायर" की उस रिपोर्ट को लेकर एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें दावा किया गया था कि "ऑपरेशन सिंदूर" के दौरान पाकिस्तानी बलों ने भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया था। यह मामला भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं – धारा 152, 196, 197, 353, 45 और 61 – के तहत दर्ज किया गया था। पत्रकारों ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी, जिसके बाद 12 अगस्त को उन्हें किसी भी तरह की ज़बरन कार्रवाई से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की गई। लेकिन इसके तुरंत बाद असम पुलिस ने एक और केस दर्ज कर लिया। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस दूसरी एफआईआर पर भी फिलहाल रोक लगा दी है।

### अभिसार शर्मा पर भी केस

इसी बीच 21 अगस्त, 2025 को असम पुलिस ने वरिष्ठ पत्रकार और यूट्यूबर अभिसार शर्मा के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। यह मामला मुख्यमंत्री हिमंतबिस्वा सरमा की कथित सांप्रदायिक राजनीति और असम में अदाणी समूह की कंपनी को 3000 बीघा ज़मीन आवंटन पर बनाए गए एक वीडियो को लेकर दर्ज किया गया।

असम पुलिस ने अभिसार शर्मा पर भी धारा 152 (देशद्रोह), धारा 196 (विभिन्न समूहों में वैमनस्य फैलाना) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकीकरण के खिलाफ काम) के तहत केस दर्ज किया है। डीयूजे ने सुप्रीम कोर्ट से अभिसार शर्मा को भी अंतरिम सुरक्षा देने की अपील की है।

### 'संपादकों और पत्रकारों को डराना बंद हो'

दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ने कहा, हम मीडिया को डराने और दबाने की सभी कोशिशों की कड़ी निंदा करते हैं। यह लोकतंत्र और प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। संस्था ने यह भी याद दिलाया कि पहले जब पत्रकारों और अन्य संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट से आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह) को खत्म करने की अपील की थी, तब अदालत ने इसे केवल निलंबित किया था। अब नए भारतीय न्याय संहिता में यही प्रावधान धारा 156 के रूप में वापस आ गया है। द वायर ने इस नई धारा की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। डीयूजे का कहना है कि पत्रकारों और प्रेस की आज़ादी में विश्वास रखने वाले सभी लोग इस केस पर नज़र रखेंगे ताकि यह धारा खत्म हो सके और पत्रकारों को जेल भेजने, डराने-धमकाने या परेशान करने का औज़ार न बने।

# 1.60 लाख से ज्यादा बूथ एजेंट लेकिन आपत्तियां केवल दो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन एसआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान आश्चर्य व्यक्त किया।



सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से बाहर रह गए लोगों की सहायता करें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस बात पर हैरानी जताई कि बिहार में राजनीतिक दलों के 1.60 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) हैं लेकिन चुनाव आयोग का कहना है कि इस मामले में केवल दो आपत्तियां दर्ज की गई हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए।

### 65 लाख लोग आगे नहीं आ रहे

*सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं।*

## पीएम मोदी ने गयाजी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# दो ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी और औंटा से सिमरिया 6 लेन पुल का लोकार्पण किया

*बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़ की परियोजनाओं को समर्पित किया*



एजेंसी ⏭ गया

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। राज्य की सभी प्रमुख पार्टियों ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। मुख्य विपक्ष महागठबंधन के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की ओर से पूरे प्रदेश में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए भी हर रोज कोई न कोई ऐलान कर रही है। पीएम मोदी ने बिहार के गयाजी में तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया और इसके साथ ही उन्होंने कई चुनावी समीकरण को भी साधा। पीएम मोदी ने गयाजी में विभिन्न क्षेत्रों के लिए बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेन गया से दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली से कोडरमा (झारखंड) के बीच बौद्ध सर्किट के लिए शुरू की गई। पीएम मोदी बेगूसराय गए, जहां उन्होंने औंटा-सिमरिया 6 लेन पुल का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लंबा रोड शो भी किया।

**बेगूसराय में लंबा रोड शो किया**

### सौगातों के जरिए पूरे मगध को साधने की कोशिश



### अन्य दल लोक कल्याण पर नहीं सोचते

पीएम मोदी ने गयाजी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में परियोजनाओं की शुरुआत से राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य ढांचे में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के मगध क्षेत्र में पक्के मकान दिए गए, हम देश के हर गरीब परिवार को ऐसे आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और उसके सहयोगी बिहार के लोगों को केवल अपना वोट बैंक समझते हैं। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के शासन में बिहार में कोई बड़ी परियोजना पूरी नहीं हुई, वे कभी लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोचते और जेब भरने में लगे रहते हैं।

### पीएम मोदी के मंच पर नजर

विधानसभा चुनाव से पहले लालू प्रसाद यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मोदी के गया दौरे के दौरान नवादा से राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के मंच पर दिखाई दिए। इसके बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया।

### तृणमूल पर पीएम का हमला

#### बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च किया जा रहा



**कोलकाता।** पीएम बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर रहे। पीएम ने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के 3 नए रूट का शुभारंभ किया और जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मोदी ने कहा कि बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है।

#### बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

पीएम ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गए हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक विकास नहीं होगा।

### पीएम मोदी का बेगूसराय में रोड शो

पीएम मोदी बेगुसराय में हैं, जहां वे जनता के बीच रोडशो कर रहे हैं और सड़क के दोनों तरफ जनता से अभिवादन स्वीकार कर रहे हैं।

### एनडीए सरकार घुसपैठियों को बाहर करेगी

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को तय करने नहीं देंगे। बिहार के युवाओं का भविष्य घुसपैठियों को बर्बाद करने नहीं देंगे। मैंने डेमोग्राफी मिशन की शुरू करने का संकल्प लिया गया है। घुसपैठियों की बढ़ती संख्या देश के लिए चिंता का विषय है। एनडीए सरकार जल्द ही डेमोग्राफी मिशन की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस और राजद जैसे दल बिहार के गरीबों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं।

### यह धरती चंद्रगुप्त-चाणक्य की यहां का संकल्प खाली नहीं जाता

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता। यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैंने भी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प इसी धरती से लिया था। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है।

### राजद-कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे

बिहार के लोगों को राजद और उनके साथ सिर्फ अपना वोट बैंक मानते हैं। उन्हें गरीबों के मान सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के एसआईआर, आधार फैसले का कांग्रेस ने किया स्वागत

# कहा - लोकतंत्र की जीत, चुनाव आयोग हुआ बेनकाब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर दिए गए आदेश के बाद कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र और मतदाता अधिकारों की बड़ी जीत बताया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि वोटर लिस्ट से नाम हटाए गए मतदाता अब आधार, वोटर आईडी, राशन कार्ड समेत अन्य मान्य दस्तावेज़ों के आधार पर दोबारा सूची में जुड़ सकते हैं।

कांग्रेस ने इस फैसले को लेकर चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि आयोग ने करोड़ों मतदाताओं को वोटिंग अधिकार से वंचित करने की कोशिश की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे विफल कर दिया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, लोकतंत्र ने चुनाव आयोग के निर्मम हमले को झेलकर खुद को बचा लिया है। आज सुप्रीम कोर्ट ने पुनरीक्षण प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाने के लिए गार्डरेल खड़े कर दिए हैं। चुनाव आयोग पूरी तरह उजागर और बदनाम हो गया है, उसके षड्यंत्रकर्ताओं को निर्णायक झटका मिला है।

पार्टी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने फैसले को कांग्रेस की लड़ाई की शुरुआती और बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला राहुल गांधी द्वारा उठाई गई मांगों और कांग्रेस के निरंतर आंदोलन का परिणाम है।

वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि अदालत ने मध्यवर्ती आदेश में आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को वैध पहचान दस्तावेज़ माना है। उन्होंने कहा, "यह कदम मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण है।"

तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने फैसले को लोकतंत्र के लिए 'महाजीत' बताते हुए कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में छेड़े गए अभियान ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया। वहीं, बिहार कांग्रेस प्रमुख राजेश कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप राहुल गांधी की 'वोट अधिकार यात्रा' और चक्का जाम आंदोलन की सफलता का प्रमाण है।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में हटाए गए 65 लाख से अधिक नामों की सूची, हटाने के कारण सहित, सार्वजनिक की जाए। अदालत ने यह भी कहा कि प्रक्रिया को वोटर-फ्रेंडली बनाया जाए और राजनीतिक दलों की निष्क्रियता पर आश्चर्य जताया।

कांग्रेस ने इस पूरे मामले को लेकर दोहराया कि उसका संघर्ष सिर्फ पार्टी के लिए नहीं बल्कि हर उस नागरिक के लिए है जो लोकतंत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहता है।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में राजमार्गों पर श्रद्धालुओं का टोल माफ



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव के उपलक्ष्य पर भक्तों को तोहफा दिया है। सरकार ने ऐलान किया है कि गणेश भक्तों को लेकर कोकण जाने वाले वाहन और राज्य परिवहन की बसों को इस बार टोल टैक्स नहीं देना होगा। यह छूट 23 अगस्त से 8 सितंबर तक लागू रहेगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐलान किया कि टोल माफी मुंबई-बेंगलुरु नेशनल हाईवे, मुंबई-गोवा हाईवे के अलावा पीडब्ल्यूडी और राज्य सड़क विकास निगम की सड़कों पर भी लागू होगी।

### अहंकारी मत बनो, हाईकोर्ट माता-पिता की तरह हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले पर कहा कि हाईकोर्ट्स को न्यायिक अधिकारियों के लिए माता-पिता की तरह काम करना चाहिए। यह टिप्पणी एक महिला जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की है, जिसमें उन्होंने बेटे की शिक्षा का हवाला देते हुए ट्रांसफर की मांग की है। कोर्ट ने कहा कि याचिका सुविधा का नहीं , बल्कि उनके बेटे की शिक्षा की जरूरत से जुड़ा है। झारखंड हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अहंकारी रवैया अपनाने के बजाए महिला जज की याचिका को शालीनता के साथ देखना चाहिए।

'मतदाता अधिकार यात्रा' भागलपुर पहुंचते ही जनसैलाब में हुआ तब्दील,

# राहुल गांधी का आरोप, पीएम और भाजपा मिलकर नष्ट करना चाहते हैं लोकतंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नाथनगर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'मतदाता अधिकार यात्रा' ने बिहार में विशाल जनसैलाब का रूप ले लिया है। यात्रा के छठे दिन भागलपुर के नाथनगर में लाखों की भीड़ उमड़ी और लोगों ने ज़ोरदार नारे लगाए– "वोट चोर, गद्दी छोड़"। भीड़ ने यह नारे मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में हुए कथित वोटर फ्रॉड के संदर्भ में लगाए।

राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी मिलकर लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करने तथा जनता का वोट चुराने की साजिश कर रहे हैं। सभा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व 'अग्निवीर' अमरनाथ जायसवाल को मंच पर बुलाया। जायसवाल सेना में ड्यूटी के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए और उनकी एक उंगली चली गई। बावजूद इसके उन्हें मात्र दो साल की सेवा के बाद सेना से बाहर कर दिया गया और किसी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोज़गार और अवसरों के सारे दरवाज़े बंद कर दिए हैं। "अग्निवीर योजना सबसे ग़लत निर्णय था।

अमरनाथ जायसवाल जैसे युवा, जो शारीरिक रूप से घायल हो गए, उन्हें भी कोई लाभ नहीं मिला। सरकार ने उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया।" लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने सिर्फ़ अग्निवीर योजना ही नहीं लाई, बल्कि नोटबंदी के ज़रिए छोटे और मझोले कारोबारों को भी तबाह कर दिया, जिससे बेरोज़गारी बढ़ी। अब, उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसने हर नागरिक को "एक व्यक्ति, एक वोट" का अधिकार दिया है। उन्होंने बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कांग्रेस और राजद समर्थकों के वोट काट रहे हैं। राहुल ने एक कांग्रेस समर्थक का उदाहरण भी दिया जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी के बिहार दौरे के दौरान वोट पुनरीक्षण पर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में हुए वोटर फ्रॉड पर चुप क्यों हैं ? राहुल ने कहा, "सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री, चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर आपके वोट छीनना चाहते हैं और लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हैं।" भागलपुर में भीड़ का आलम ये था की चारों तरफ़ की सड़को पर अपार भीड़ दिख रही थी।

### सवाई माधोपुर में बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

# नाव पलटी, 10 डूबे, 7 लापता

एजेंसी ⏭ सवाई माधोपुर

राजस्थान के कोटा और सवाई माधोपुर में जोरदार बारिश से बाढ़ आ गई है। कोटा में बचाव के लिए सेना को बुला लिया गया है। उधर, सवाई माधोपुर में लोगों को बचाने के लिए गई एक नाव पानी में पलट गई। हादसे में नाव में सवार 10 लोग डूब गए, इनमें 7 लोग लापता हैं। सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूब गई। जिससे पांच ट्रेन प्रभावित हुई हैं। ज सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव डूब गई हैं। इसमें 10 लोग सवार थे। इनमें से 3 लोगों को बचा लिया गया है। बाकी लापता सात लोगों की तलाश की जा रही है।

**3 लोगों को बचाया, बाढ़ से निपटने कोटा पहुंची सेना**



### कोटा में 4 फीट पानी भर गया

कोटा के सुल्तानपुर में 4-4 फीट तक पानी भर गया। लोग पानी में तैरते नजर आ रहे हैं। दीगोद में बाढ़ प्रभावित इलाके में सेना बुलाई गई है। बूंदी के कई गांवों का भी जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। झालावाड़, कोटा और बूंदी में भी शनिवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

**सवाई माधोपुर में 250 घर**

बारिश से सवाई माधोपुर में एक बार फिर से बाढ़ की स्थिति बनी है। पुराने शहर के पल्ली पार इलाके में घरों में पानी घुस गया। करीब 250 घर जलमग्न हो गए हैं। वहीं, नेशनल हाईवे-552 पर तेज बारिश के कारण पुलिया टूट गई।

## अकबरनगर, भागलपुर में कांग्रेस-राजद महागठबंधन के नेताओं ने भाजपा जेडीयू पर सीधा और करारा हमला बोला

बिहार में 'वोट अधिकार यात्रा' के छठे दिन विपक्षी गठबंधन ने दिखाई ताकत

# विपक्षी दलों का तीखा हमला: 'बिहारी सबक सिखाएंगे, वोट चोरों को हराएंगे'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी ने कहा कि भाजपा अब जनता के भरोसे को अपनी जेबखर्च की तरह इस्तेमाल कर रही है। किसानों से वादे करके उनके पसीने का दाम लूट लिया, युवाओं को नौकरी का झांसा देकर बेरोज़गारी का पहाड़ खड़ा कर दिया, और अब जनता के वोट को अपनी प्राइवेट कंपनी का टोकन बना दिया। सहनी ने तंज़ कसते हुए कहा-भाजपा का असली काम अब सिर्फ़ जनादेश की डकैती है, यह पार्टी चुनाव लड़ने नहीं आती, यह चुनाव लूटने आती है। राजद सांसद संजय यादव ने भाजपा को सीधे निशाने पर लेते हुए कहा कि यह सिर्फ़ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ठगी कंपनी है। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग अब इनके लिए बैकऑफ़िस का काम करता है, और जनता के वोट इनके लिए मुफ्त की लूट है। भाजपा का नया नाम होना चाहिए-'वोट चोर कंपनी प्रा. लि. ', जिसमें मालिक नरेंद्र मोदी, एजेंट अमित शाह और ठेकेदार उनके मुख्यमंत्री हैं।" उन्होंने तीखा व्यंग्य करते हुए कहा-ये वही लोग हैं जो किसानों को एमएसपी से लूटते हैं, युवाओं को परीक्षा-पेपर लीक से धोखा देते हैं, और चुनाव आयोग को अपनी जेब में रखकर लोकतंत्र का तमाशा बनाते हैं। कांग्रेस नेता जीतू पटवारी ने भाजपा के विकास मॉडल को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इनके पास किसान नीति नहीं, रोजगार योजना नहीं, शिक्षा का खाका नहीं। इनके पास है तो सिर्फ़ जुमलों का गट्ठर और झूठ का थैला। पटवारी ने कहा-ये लोग जनता को पेड़ लगाने के नाम पर वोट मांगते हैं और चुनावी सभा के लिए हज़ारों पेड़ काट डालते हैं। यही है भाजपा का 'ग्रीन इंडिया'। ये लोग मंदिर की घंटी बजाकर वोट लेते हैं और संसद की घंटी बजाकर लोकतंत्र बेच देते हैं।"कांग्रेस प्रवक्ता अनुपम ने भाजपा की राजनीति को एक बड़ा धोखा बताते हुए कहा-इनकी क्रोनोलॉजी बहुत साफ़ है-पहले विधायक चोरी, फिर वोट चोरी, और अब पूरा राज्य सरकार चोरी। भाजपा का नारा है 'जो बिकेगा वही टिकेगा'। यह पार्टी एक वॉशिंग मशीन है, जिसमें अपराधी घुसते ही संत बन जाते हैं, और ईमानदार आवाज़ें अंदर जाते ही देशद्रोही कहलाने लगती हैं। अनुपम ने चुटकी लेते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को 'डिस्काउंट सेल' में बेच रही है, जहां विधायक बोली लगाकर खरीदे जाते हैं, मुख्यमंत्री गिफ्ट पैक में दिए जाते हैं और चुनाव आयोग बोनस में मिलता है। सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ. गिरीश कुमार ने कहा कि बिहार की जनता अब भाजपा के झूठ और जुमलों को पहचान चुकी है और इस बार भाजपा को करारा जवाब देगी। प्रेस वार्ता में अभय दुबे (फ़ाइल एआईसीसी मीडिया प्रभारी, बिहार) और राजेश राठौर (कांग्रेस मीडिया चेयरमैन) भी उपस्थित रहे।

### बेंगलुरु भगदड़ के लिए सरकार नहीं बल्कि हालात हैं जिम्मेदार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को बेंगलुरु भगदड़ पर जवाब देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सिर्फ कर्नाटक में नहीं, बल्कि देश और दुनिया में कई बार हुई हैं। पिछले 10 सालों में भाजपा शासित राज्यों में ही 20 भगदड़ हो चुकी है। सिद्धारमैया ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार नहीं है, भगदड़ हमेशा भीड़ के अचानक बेकाबू हो जाने से होती है। बेंगलुरु के लोगों ने आरसीबी की जीत को अपनी जीत माना। इस वजह से भीड़ का नियंत्रण बिगड़ गया और हादसा हुआ। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर कहा, जब कोरोना काल में चामराजनगर में ऑक्सीजन की कमी से 36 लोगों की मौत हुई थी।

# फाइल टाइम पर नहीं कर पाए रिटर्न तो नो टेंशन, आईटीआर-यू बनेगा आपका हथियार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आयकर रिटर्न फाइल की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। इसी के चलते विभाग ने आईटीआर-यू (अपडेटेड) फॉर्म को भी नोटीफाई किया है। इस फॉर्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं और इसके जरिए पुराना आईटीआर भी दाखिल किया जाता है। भारत सरकार ने वित्त अधिनियम 2022 में आईटीआर (यू) को आयकर अधिनियम की धारा 139(8ए) के तहत पेश किया गया था और वित्त अधिनियम 2025 के जरिए इसमें संशोधन किया गया। आईटीआर-यू के साथ, टैक्सपेयर्स कर दाखिल करने की गलतियों को सुधार सकते हैं, छूटी हुई आय को जोड़ सकते हैं या गलत डिटेल को सुधार सकते हैं।

■ आईटीआर यू फाइल को 4 सालों तक बढ़ा दिया गया है

## इस फार्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं

### क्या देना होगा ज्यादा टैक्स?

आईटीआर-यू दाखिल करते समय आपको अतिरिक्त कर देना पड़ता है। अगर आप मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 12 महीने के अंदर रिटर्न दाखिल करते हैं, तो 25% अतिरिक्त कर देना होगा। 24 महीनों के लिए 50 प्रतिशत, 36 महीनों के लिए 70 प्रतिशत और 48 महीनों के लिए भी 70 प्रतिशत अतिरिक्त कर देना होगा। इसलिए, ये याद रखना जरूरी है कि अपडेटेड रिटर्न का मकसद उस कर का भुगतान करना है, जो आपने पहले रिटर्न दाखिल करते समय नहीं चुकाया न कि रिफंड का दावा करना।




### कौन दाखिल कर सकता है और कौन नहीं?

जो भी व्यक्ति अपने मूल आयकर रिटर्न, संशोधित रिटर्न या देरी से रिटर्न में कोई गलती करता है या कोई आय का विवरण छोड़ देता है, वह आईटीआर-यू दाखिल करने के लिए एलिजिबल हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी टैक्सपेयर्स हैं जो इसे नहीं भर सकते हैं। उनके लिए कुछ शर्तें कुछ इस प्रकार हैं-

### दाखिल करने की समय सीमा क्या है?

आईटीआर-यू दाखिल करने की आखिरी तारीख संबंधित मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 48 महीने बाद है। यानी, मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-यू की अंतिम तारीख 31 मार्च 2030 है। इसी तरह, मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम तारीख 31 मार्च 2029 है।

### निम्न शर्तें लागू

शर्त के अनुसार जिसने पहले ही अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर दिया हो, जो शून्य रिटर्न या नुकसान का रिटर्न दाखिल करना चाहता हो, जो रिफंड का दावा करना या रिफंड की राशि बढ़ाना चाहता हो, जिसके अपडेटेड रिटर्न से कर देयता कम हो जाती हो, जिसके खिलाफ आयकर विभाग ने धारा 132 के तहत तलाशी शुरू की हो, जिसके बही-खाते, दस्तावेज या संपत्ति आयकर विभाग ने जब्त की हो, जिसका कोई मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन, संशोधन या पुनर्गणना लंबित हो या पूरा हो चुका हो।

## घरेलू आर्थिक परिदृश्य की आरबीआई ने की समीक्षा



**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक स्थिति और वित्तीय बाजार की चुनौतियों समेत वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां केंद्रीय निदेशक मंडल की 618वीं बैठक आयोजित की गई।

## चेयरमैन पांडेय ने एम्फी के कार्यक्रम में दी जानकारी

# म्यूचुअल फंड योजनाओं में नई महिला निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की तैयारी: सेबी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बाजार नियामक सेबी म्यूचुअल फंड योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने की योजना पर विचार कर रहा है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। पांडेय ने कहा, ''वित्तीय समावेशन तब तक पूरा नहीं होगा जब तक इसमें महिलाओं की समान भागीदारी नहीं होगी। इसलिए हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार कर रहे हैं।''

**निवेश में महिलाओं की भी समान भागीदारी जरूरी**

**महिलाओं के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार**

**सेबी निवेशकों के हितों के लिए कई कदम उठा रहा**

### प्रस्ताव से नए निवेशक जुड़ेंगे

सेबी प्रमुख ने कहा कि सेबी म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठा रहा है। हाल ही में दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों के नए व्यक्तिगत निवेशकों के निवेश पर वितरकों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा गया है। इससे नए प्रतिभागी जुड़ेंगे और म्यूचुअल फंड का दायरा कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों तक बढ़ेगा।




### एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा जारी

सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेश उत्पादों में लचीलापन और स्पष्टता लाने के साथ एक ही तरह की फंड योजनाओं में निवेश की समस्या को दूर करने के लिए म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चलाई जा रही परामर्श प्रक्रिया से मिलने वाले सुझावों के आधार पर अगले कदम तय होंगे।

### एमएफ के नियमों को सरल किया जाएगा

आने वाले महीनों में बाजार नियामक म्यूचुअल फंड नियमों के व्यापक सरलीकरण पर भी काम करेगा, ताकि उद्योग के लिए अनुपालन आसान बने और निवेशकों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

### एमएफ के लिए रिपोर्ट जमा करने की अनिवार्यता खत्म

पांडेय ने कहा, ''ये उपाय उद्योग को अधिक पारदर्शी और निवेशक अनुकूल बनाने में मददगार होंगे।'' उन्होंने बताया कि 'कारोबारी सुगमता' और अनुपालन को सरल बनाने की दिशा में सेबी ने हाल ही में म्यूचुअल फंड से मांगी जाने वाली रिपोर्टों की समीक्षा की है। इनकी समीक्षा के बाद 52 से अधिक रिपोर्ट, नोटिस और परिशिष्ट जमा करने की अनिवार्यताएं खत्म कर दी गई हैं।

### सेबी के नए कार्यकारी निदेशकों ने संभाला कार्यभार

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बताया कि उसके तीन नए कार्यकारी निदेशकों... अमित प्रधान, अवनीश पांडेय और संजय चंद्रकांत पुराओ ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले प्रधान, पांडेय और पुराओ सेबी में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। सेबी ने तीन अलग-अलग बयानों में कहा कि अपनी नई भूमिका में, प्रधान कानूनी मामलों और अभियोजन एवं निपटान विभाग का कार्यभार संभालेंगे, पांडेय सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रबंधन करेंगे जबकि पुराओ वित्त जांच विभाग, वसूली और धनवापसी के साथ-साथ आंतरिक जांच विभाग का भी कार्यभार संभालेंगे। अपनी पूर्व भूमिका में, प्रधान सेबी में मुख्य महाप्रबंधक और क्षेत्रीय निदेशक थे और नयी दिल्ली स्थित उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे। पांडेय सेबी में मुख्य महाप्रबंधक रह चुके हैं। उनके पास प्रतिभूति बाजार नियामकीय क्षेत्र में लगभग तीन दशक का अनुभव है। पुराओ मुख्य महाप्रबंधक थे और 1996 में सेबी में शामिल होने के बाद से उन्होंने विभिन्न विभागों को संभाला है।

## महत्वपूर्ण संचार ढांचे के लिए विकसित की जा रहीं नीतियां

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि देश में महत्वपूर्ण संचार यानी क्रिटिकल कम्युनिकेशन से जुड़ी नीतियां और ढांचा तेजी से विकसित किया जा रहा है ताकि एक मजबूत, सुरक्षित और एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली बनाई जा सके। महत्वपूर्ण संचार सेवाओं का इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों, सार्वजनिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, रक्षा और रेलवे एवं विमानन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाता है। इन संचार सेवाओं का हर हालत में चालू रहना जरूरी होता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन ए. के. लाहोटी ने यहां ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के एक कार्यक्रम में कहा, ''नीतियां, स्पेक्ट्रम और मानक तेजी से तैयार किए जा रहे हैं ताकि देश में महत्वपूर्ण संचार के लिए एक लचीला और सुरक्षित ढांचा विकसित हो सके।

### मार्केट न्यूज

## जसबीर जस्सी की जादुई आवाज और दिविता जुनेजा की दिल छू लेने वाली अदाओं में हीर मैं वेखी' गीत हुआ रिलीज




**मुंबई।** पंजाबी परंपरा, रोमांस और मिट्टी की खुशबू को सुरों में पिरोता हुआ ₹हीर एक्सप्रेस₹ का गीत ₹हीर मैं वेखी₹ आज जी म्यूजिक कंपनी द्वारा रिलीज कर दिया गया है। यह गीत ना केवल एक प्रेम कहानी कहता है, बल्कि एक सांस्कृतिक यात्रा भी बन जाता है। जिसमें पंजाब की आत्मा बसती है। इस गाने को अपनी दमदार और जादुई आवाज दी है जसबीर जस्सी ने, जिनका नाम सुनते ही दिल लै गई कुड़ी गुजरात दी, कोका और लौंग दा लश्कारा जैसे हिट गीत याद आ जाते हैं। जसबीर जस्सी पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के ऐसे गायक उमेश शुक्ला द्वारा निर्देशित फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज । पंजाबी लोक गायकी की आत्मा जसबीर जस्सी की जादुई आवाज फिर एक बार दिलों को छू गई। हैं, जिन्होंने पारंपरिक लोक गायकी को ग्लोबल मंच तक पहुंचाया है। संगीतकार जेरी सिंह और सकार सिंह ने इस पारंपरिक फीलिंग को समकालीन साउंड के साथ जोड़ा है, जिससे यह गाना आज की पीढ़ी से भी सीधा जुड़ता है। दिविता जुनेजा और प्रीत कमानी की ऑन-स्क्रीन जोड़ी पहले ही दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुकी है।

# ई-स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू

**नई दिल्ली।** मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो ने वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज की उपलब्धता के कारण उत्पन्न बाधाओं को दूर करने के बाद सभी डीलरशिप पर अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर चेतक की आपूर्ति फिर से शुरू करने की शुक्रवार को जानकारी दी। बजाज ऑटो ने बयान में कहा कि हाल के सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय कलपुर्जों की उपलब्धता से जुड़ी अस्थायी आपूर्ति बाधाओं के कारण आपूर्ति में कमी आई थी। चेतक की निरंतर एवं बढ़ती मांग ने आपूर्ति पर और दबाव बढ़ा दिया। उत्पादन और निर्यात 20 अगस्त को पुनः शुरू हो गया, जिससे अपेक्षा से अधिक तेजी से वापसी हुई। दुर्लभ खनिज (चुंबक) और अन्य प्रमुख सामग्रियों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित कर ली है। बजाज ऑटो के अध्यक्ष (शहरी कारोबार) एरिक वास ने कहा, '' चेतक की मांग मजबूत बनी हुई है, आपूर्ति सामान्य हो गई है।

### चीन के प्रतिबंध लगाने से प्रभावित हुआ उद्योग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क युद्ध के मद्देनजर इलेक्ट्रिक वाहनों के एक प्रमुख घटक दुर्लभ खनिज (चुंबक) के निर्यात पर चीन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से भारत सहित वैश्विक वाहन विनिर्माता प्रभावित हुए हैं।


## दिल्ली क्षेत्र में एक बार फिर मच्छर टर्मिनेटर रेलगाड़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मण्डल, उत्तर रेलवे और नगर निगम दिल्ली की संयुक्त पहल 'मच्छर टर्मिनेटर रेलगाड़ी' का आज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली क्षेत्र में रेलवे पटरियों के किनारे मच्छरों को बढ़ने से रोकना है। दिल्ली के महापौर श्री राजा इकबाल सिंह ने रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर दिल्ली मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक श्री पुष्पेश रमन त्रिपाठी तथा मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। ''मच्छर टर्मिनेटर ऑन व्हील्स'' प्रत्येक यात्रा में लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। इस ट्रेन की परिकल्पना रेलवे पटरियों के किनारे बने गड्ढों में मच्छरों के बढ़ने को नियंत्रित एवं कम करने के उपाय के रूप में की गई है, ताकि जनस्वास्थ्य को बढ़ावा दिया जा सके और विशेषकर रेलवे पटरियों से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। आज नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए ट्रक माउंटेड पावर स्प्रेयर को 'डीबीकेएम' नामक विशेष प्रकार के डिब्बे पर लोड किया गया।

## एफआईटीटी फॉरवर्ड : स्टार्टअप, निवेशक और नीतिनिर्माताओं के साथ भारत के डीप-टेक दशक की शुरुआत आईआईटी दिल्ली से

**नई दिल्ली।** जैसे ही भारत डीप-टेक नवप्रवर्तनों के एक परिवर्तनकारी दशक की ओर अग्रसर हो रहा है, एफ आई टी टी फॉरवर्ड (एफ आई टी टी 2025) (21–22 अगस्त 2025), एफ आई टी टी – आईआईटी दिल्ली परिसर) एक निर्णायक क्षण पर आयोजित हो रहा है। आईआईटी दिल्ली के एफ आई टी टी द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय समागम डीप-टेक स्टार्टअप्स, नीतिनिर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और अनुसंधान नेताओं को एक मंच पर ला रहा है। ताकि भारत को वैश्विक नवाचार के मानचित्र पर और आगे ले जाया जा सके। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस विचार के साथ हुआ – "आज के स्टार्टअप्स ही कल के एमएनसी होंगे,और आज के उद्यमी ही कल के नेता बनेंगे।" कार्यक्रम में एफआईटीटी के प्रबंध निदेशक डॉ. निखिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को भविष्य का विचार चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के एफआईटीटी संस्करण में स्टार्टअप उत्साहियों की तुलना में निवेशकों की संख्या अधिक दिखाई दी, जो स्टार्टअप्स के मजबूत भविष्य का संकेत है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत के 30 प्रतिशत यूनिकॉर्न संस्थापक आईआईटी दिल्ली से हैं, जिससे यह संस्थान स्टार्टअप इकोसिस्टम और रोजगार सृजन का प्रमुख केन्द्र बन गया है। उनके अनुसार एफआईटीटी का उद्देश्य केवल अमीरों को और अमीर बनाने में योगदान करना नहीं है, बल्कि आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है।

# शेयर बाजार में छह दिन की तेजी पर रोक, सेंसेक्स 694 अंक लुढ़का



**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय शेयर बाजार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 694 अंक और निफ्टी में 214 अंक की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी धारणा पर असर पड़ा। निवेशकों का ध्यान जैक्सन हॉल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के आगामी बयानों पर बना रहा। सेंसेक्स 693.86 अंक गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 708.94 अंक गिरकर 81,291.77 अंक पर आ गया था। निफ्टी 213.65 अंक गिरकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, आईटीसी, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

## टोल संचालकों को तीन महीने तक मिलेगा मुआवज़ा

**नई दिल्ली।** 15 अगस्त से निजी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए फास्टैग वार्षिक पास शुरू होने के कारण उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह में अंतर के लिए राजमार्ग टोल प्लाजा संचालकों को एनएचएआई से तीन महीने तक मुआवजा मिलेगा।

**PUBLIC NOTICE**

Notified that my clientess Smt. Saroj Babbar W/o Sh. Ashwani Babbar R/o 207, Ground Floor, Raja Garden, New Delhi-110015 has disinherited her son Sumeet Babbar from her moveable and immoveable properties due to his aggressive attitude and quarrelsome nature and disrespectful nature and if anybody deals with him my clientess will not be responsible in any manner whatsoever.

M.K. JAIN (Advocate)
Ch. no. 396, Western Wing, Tishazari Courts, Delhi-110054

# सोना 250 रुपये टूटा, चांदी में 1,000 रुपये की तेजी



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक रुख के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बृहस्पतिवार को 1,00,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 150 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। शुक्रवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। सराफा संघ के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांदी 1,14,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 40/2025–2026 दिनांक 18.08.2025 क्र.सं. 01
निविदा संख्या 77259041RGC खुलने की तिथि 10.09.2025

उपरोक्त संदर्भित निविदा में, बयाना राशि को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। दिनांकः 22.08.2025 2565/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन पुत्र खेम चंद निवासी मकान संख्या 641, जी–ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली** ने **FIR No. 361/2020, U/S 392/397/411/34 IPC & 25/27 Arms Act, अन्तर्गत थाना तिगरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सचिन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 361/2020, U/S 392/397/411/34 IPC & 25/27 Arms Act, अन्तर्गत थाना तिगरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सचिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री संकल्प कपूर**
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
दक्षिण जिला, कमरा संख्या 211
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/11267/SD/2025(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## शब्द पहेली - 5966




**बाएँ से दाएँ**
1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -5965 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | बा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |



# महिला वर्ल्ड कप : चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी मैचों की मेजबानी, नवी मुंबई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है। नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई में होगा उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और फाइनल



### कार्यक्रम में हुआ बदलाव

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा, 'हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

### स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है।



### केएससीए नहीं कर पाए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया, जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल कोलंबो

कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़

**कोलकाता।** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपए थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपए कर दी गई है। 23 जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची।

### डीपीएल: वेस्ट दिल्ली लायंस की शानदार जीत



**नई दिल्ली।** अनिरुद्ध चौधरी ने आखिरी ओवर में सात रन का अच्छी तरह से बचाव करके वेस्ट दिल्ली लायंस को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर तीन रन से रोमांचक जीत दिलाई। किंग्स के सामने 179 रन का लक्ष्य था और वह इसे हासिल करने की तरफ अच्छी तरह से बढ़ रहा था। उसे अंतिम ओवर में सिर्फ सात रन चाहिए थे, लेकिन चौधरी ने केवल तीन रन दिए और कप्तान जोंटी सिद्धू (41 गेंदों पर 56 रन) को आउट कर लायंस को यादगार जीत दिलाई। चौधरी ने तीन ओवर में 24 रन लेकर एक विकेट लिया लेकिन उनका अंतिम ओवर निर्णायक साबित हुआ।

### न्यूलैंड्स में होगा एसए20 का फाइनल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग एसए20 के आगामी सत्र का फाइनल मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स में होगा, जिसमें डरबन, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग जैसे स्थानों पर प्लेऑफ के अहम मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। लीग का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा। डरबन एसए20 में पहली बार किसी प्लेऑफ मैच की मेजबानी करेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें 21 जनवरी को क्वालीफायर एक में आमने-सामने होंगी। हाईवेल्ड क्षेत्र दो महत्वपूर्ण प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर और जोहानिसबर्ग के वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालीफायर दो के मैच शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ने खेली बेहतरीन अर्धशतकीय पारी

# ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार लगाए 4 अर्धशतक, बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंद में 88 रनों की दमदार पारी खेली। इसके साथ ही ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

दरअसल मैथ्यू ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार वनडे में लगातार 4 अर्धशतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वनडे क्रिकेट में ऐसा करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रीट्जके के नाम वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### ब्रीट्जके की वनडे क्रिकेट में शानदार शुरुआत

मैथ्यू ब्रीट्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। उस मैच में मैथ्यू ने 150 रनों की पारी खेली थी। यह वनडे डेब्यू पर खेली गई किसी भी प्लेयर की सबसे बड़ी पारी है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर उन्होंने 83 रनों की पारी खेली। वहीं अब ब्रीट्जके ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन बनाए। इसके बाद दूसरे वनडे में 88 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। ब्रीट्जके वनडे इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जिसने अपने शुरुआती चारों वनडे मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।



### सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने किया कब्जा

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 98 रनों से जीता था। अब दूसरा वनडे जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। ब्रीट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 193 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरा मैच 84 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एंगिडी ने 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। लेकिन दूसरे छोर से ज्यादा साथ नहीं मिला, जिसकी वजह से वो टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे।

### पहले 4 में ब्रीट्जके के नाम सबसे ज्यादा रन

वनडे क्रिकेट में ब्रीट्जके ने धमाकेदार शुरुआत की है। ब्रीट्जके वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया है। ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार मैच में 378 रन बना दिए। इस मामले में उन्होंने अपने ही देश के सीनियर खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा है। टेम्बा ने अपने पहले चार वनडे मैच में 280 रन बनाए थे। इसके अलावा एलन लैम्ब 279 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि निक नाइट ने 277 रन बनाए थे।

### पहले चार वनडे में सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| मैथ्यू ब्रीट्जके | 378 |
| टेम्बा बावुमा | 280 |
| एलन लैम्ब | 279 |
| निक नाइट | 277 |
| टॉम कूपर | 273 |

वहीं मैथ्यू ब्रीट्जके के की पहली चार वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने अपने वनडे डेब्यू में ही रिकॉर्ड बना दिया था। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद अपने दूसरे मैच पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 83 रनों की पारी खेली थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 57 और अपने चौथे मैच में उन्होंने 88 रनों की पारी खेली है।

मंगाए 6 आवेदन

# बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी में नए लोगों की होगी भर्ती

दो पुरुष और चार महिला चयनकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

### प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है। हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किन चयनकर्ताओं को बदला जाएगा, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### श्यामा को रखा जाएगा समिति में बरकरार

बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान चयन समिति में नीतू डेविड (अध्यक्ष), रेणु मार्ग्रेट, आरती वैद्य, कल्पना वेंकटचार और श्यामा डे साव शामिल हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि साव ही एकमात्र ऐसी सदस्य हैं, जिन्हें समिति में बरकरार रखा जाएगा। वर्तमान समिति ने मंगलवार को वनडे विश्व कप के लिए टीम का चयन किया था। वनडे विश्व कप अगले महीने से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। सभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है।

मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट

# अय्यर ने जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| मुंबई

अरविंद अय्यर ने आठ दौर में सात अंक हासिल कर दर्श शेट्टी को पछाड़ते देते हुए ऑल इंडिया शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट जीत लिया। हालांकि अय्यर और शेट्टी दोनों ने सात-सात अंक बनाए थे।

लेकिन अय्यर ने 'सुपर बुचोल्ज टाई-ब्रेक' में चैंपियनशिप जीत ली। शेट्टी उपविजेता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में महिला कैंडिडेट मास्टर कृति मयूर पटेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि रेया बैंकर और प्रदीपा जयपाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 'वेटरंस' वर्ग में विनोद चतुर्वेदी पहले स्थान पर रहे। उनके बाद गुरु प्रसाद पाटिल और अशोक गोविंदराव पाटिल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## गुकेश और प्रज्ञानंदा ने खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंदा और अरोनियन का नंबर आता है, जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

सिंकफील्ड कप




### केरल के त्रिकूद एथलीट कार्तिक ने स्वर्ण जीता

**चेन्नई।** केरल के त्रिकूद एथलीट कार्तिक उन्नीकृष्णन ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस महीने की शुरुआत में भुवनेश्वर में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले 32 वर्षीय कार्तिक ने बारिश से प्रभावित दिन में अपने छठे और अंतिम प्रयास में 16.44 मीटर के साथ सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। केरल के एक अन्य एथलीट अब्दुल्ला अबूबाकर 16.37 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रवीण चित्रावेल ने 16.35 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चौबीस वर्षीय चित्रावेल का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 17.37 मीटर है। वह 17.22 मीटर के स्वतः प्रवेश मानक को पार कर अगले महीने तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। उन्होंने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में कांस्य और इस साल मई में दक्षिण कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप में रजत जीता था।

गौहर ने 2008 में किया था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण

# स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

### वनडे में 19.39 की औसत से लिए 66 विकेट




सुल्ताना ने संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई।' उन्होंने कहा, 'हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की।' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए। उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं।

### बांग्लादेश का राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भाग लेने से इनकार

**अहमदाबाद।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने शुक्रवार को कहा कि आगामी राष्ट्रमंडल सीनियर, जूनियर और युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 28 देशों के 291 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे लेकिन बांग्लादेश ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। यह टूर्नामेंट 25 से 30 अगस्त को यहां आयोजित होगा। यह चैंपियनशिप ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट है और आईडब्ल्यूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने घोषणा की कि इसका आयोजन नारनपुरा क्षेत्र में नवनिर्मित वीर सावरकर खेल परिसर में किया जाएगा। यादव ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, "भारत के 44 खिलाड़ियों सहित 28 राष्ट्रमंडल देशों के 291 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे जिसमें विभिन्न वर्गों में 144 पदक (72 पुरुषों के लिए और 72 महिलाओं के लिए) दांव पर हैं।"

एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : फाइनल में बनाया 253.6 का स्कोर

# एलावेनिल का जलवा, 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाकिस्तान)

भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उनका एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में ताइवान में स्वर्ण पदक जीता था।

चीन की शिनलू पेंग ने रजत और कोरिया की यूंजी क्वोन ने जीता कांस्य पदक




### मेहुली घोष चौथे स्थान पर रहीं

चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। यह वलारिवान का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में रजत और कांस्य पदक जीता था। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करके चौथे स्थान पर रहीं। वलारिवान ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन उनसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारत की दो अन्य खिलाड़ी आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए खेलने के कारण उन्हें फाइनल में जगह मिल गई।

### भारत तालिका में शीर्ष पर

वलारिवान का पदक वर्तमान प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है, जहां देश अपने जूनियर निशानेबाजों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर है। अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत को पहला सीनियर स्वर्ण पदक दिलाया था। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इस बीच भारत के जूनियर निशानेबाजों ने अपना दबदबा बनाए रखा।

### शाम्भवी,हृदय श्री और ईशा की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

शाम्भवी श्रवण, हृदय श्री कोंडूर और ईशा अनिल की तिकड़ी ने महिलाओं की जूनियर 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा में 1896.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो जूनियर विश्व और एशियाई रिकॉर्ड है। चीन और दक्षिण कोरिया की टीमों ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

नेशनल मीट 2025 में बोले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन

# अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे, लाए क्रांतिकारी परिवर्तन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को नेशनल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष तकनीक अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर नागरिकों की जिंदगी में बदलाव लाने का माध्यम बन चुकी है।



उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, और यही प्रगति 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसरो निरंतर अपने परिचालन अनुप्रयोगों को अधिक सटीक, तेज और उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अहम है। हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में पूरी ताकत से योगदान देंगे।

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में इसरो की भूमिका अहम

सैटेलाइट तकनीक में आज भारत विकसित देशों के बराबर खड़ा



### निसार दुनिया का सबसे महंगा उपग्रह

वी. नारायणन ने बताया कि आज भारत में 55 से अधिक अंतरिक्ष अनुप्रयोग सक्रिय हैं, जो टेलीविजन प्रसारण से लेकर मौसम पूर्वानुमान तक हर क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले हमारे पास सैटेलाइट तकनीक नहीं थी, लेकिन आज हम विकसित देशों के बराबर खड़े हैं। हाल ही में 30 जून को नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट (निसार) लॉन्च किया गया, जो दुनिया का सबसे महंगा सैटेलाइट है, और इसे इसरो ने तैयार किया और अपने रॉकेट से सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

### छह महीनों में तीन महत्वपूर्ण मिशन पूरे

वी. नारायणन बताया कि 2015 से 2025 के बीच इसरो ने जितने मिशन लॉन्च किए, वे 2005 से 2015 के मुकाबले लगभग दोगुने हैं। पिछले छह महीनों में इसरो ने तीन महत्वपूर्ण मिशन पूरे किए, जिनमें प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 मिशन भी शामिल है। इस मिशन में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सुरक्षित लौटने वाले पहले भारतीय बने, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के लिए ऐतिहासिक क्षण है।

### चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा

*इसरो प्रमुख ने 2025 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसरो ने 29 जनवरी को अपना 100वां रॉकेट लॉन्च किया। भारत अब उन चार देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक और अनडॉक किया है। साथ ही, पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देशन में शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में भेजा गया और आज चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा भारत के पास है।*

आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

### भारत सैटेलाइट से लेकर आईएसएस तक की यात्रा का मनाएगा जश्न

*भारत शनिवार को दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। यह दिन सैटेलाइट से लेकर ह्यूमन स्पेसफ्लाइट तक देश की यात्रा का जश्न मानने के रूप में खास होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा पर उतरने वाले चौथे और उसके दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश के रूप में इतिहास रच दिया। यह एक ऐसा क्षण था, जिसने भविष्य में आगे बढ़ने को लेकर प्रेरित किया। भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र देश के तकनीकी और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। वर्ष 2020 में ऐतिहासिक अंतरिक्ष सुधारों के साथ, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र को उदार बनाया है और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) का गठन किया है।*



## खबर संक्षेप

### कोलंबिया में हुए हमले में 17 की मौत, कई घायल

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलिकॉप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है।



### गिनी में भूस्खलन 11 की मौत, 10 घायल

**कोनाक्री (गिनी)।** भारी बारिश के कारण गिनी के एक ग्रामीण इलाके में भूस्खलन की खबर है। इस दौरान कम से कम 11 लोगों की मौत होने की सूचना मिल रही है। भूस्खलन में 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल भी बताए जा रहे हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, यह भूस्खलन बुधवार रात राजधानी कोनाक्री से 50 किमी दूर कोयाह प्रांत के एक ग्रामीण क्षेत्र मानेह में हुआ। खोज और बचाव अभियान जारी है।



### श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें कोलंबो में क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने गिरफ्तार किया है। वह पुराने एक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में बयान दर्ज कराने के लिए सीआईडी के ऑफिस पहुंचे थे। पूर्व राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। उन पर 2023 में पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड यात्रा में सरकारी धन का दुरुपयोग का आरोप है।



रक्षा मंत्री ने राजधानी में आयोजित यूएनडब्ल्यूएमओसी में भाग ले रही महिला अधिकारियों को संबोधित करते हुए दी यह जानकारी

# बदलाव की अग्रदूत हैं महिला अधिकारी, शांति अभियानों में उनकी भूमिका महत्वपूर्णः राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए गए दो सप्ताह के संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएमओसी-2025) में भाग ले रही कुल 15 देशों की महिला अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी बदलाव की अग्रदूत हैं और वे शांति अभियानों में अमूल्य परिदृश्य व दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। यूएन का ये पाठ्यक्रम उसके सूक्ष्म जगत और एकता व सहयोग की चिरस्थायी भावना का प्रतिबिंब है। महिला अधिकारियों का समर्पण न केवल शांति स्थापना बल्कि वैश्विक सुरक्षा के ताने-बाने को भी मजबूत करता है। भारत आपके साथ खड़ा है, उसे आपके योगदान पर गर्व है। साथ ही वह आपकी यात्रा का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रति भी दृढ़ है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

आगामी सप्ताह में अल्जीरिया की यात्रा पर जाएंगे सेनाप्रमुख

पाठ्यक्रम में शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा



### पाठ्यक्रम में है इन देशों की भागीदारी

*मंत्रालय ने बताया कि यूएनडब्ल्यूएमओसी में जिन 15 देशों की महिला अधिकारी शामिल हैं। उनमें आर्मेनिया, कांगो, मिस्र, आइवरी कोस्ट, केन्या, किर्गिज गणराज्य, लाइबेरिया, मलेशिया, मोरक्को, नेपाल, सिएरा लियोन, श्रीलंका, तंजानिया, उरुग्वे और वियतनाम जैसे देशों के साथ ही पांच प्रशिक्षु भी शामिल हैं। वहीं, रक्षा मंत्री ने यूएन के शांति अभियानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे पर कहा, महिला अधिकारी इन अभियानों में अमूल्य परिदृश्य और दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। वह अक्सर स्थानीय समुदायों खासतौर पर महिलाओं, बच्चों के साथ गहरा विश्वास पैदा करने में सक्षम होती हैं। जिनकी आवाज-उपस्थिति न केवल संघर्ष से त्रस्त समाजों के पुनर्निर्माण में अहम होती है। बल्कि यौन हिंसा को रोकने, मानवीय सहायता तक पहुंच में सुधार, जमीनी स्तर पर लैंगिक समानता बढ़ाने में मददगार साबित हुई है। इसके अलावा महिला शांति सैनिक शक्तिशाली रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं और स्थानीय स्तर पर महिलाओं, लड़कियों को खुद को शांति, सुरक्षा में सक्रिय भागीदार के रूप में देखने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र जर्नल 2025- ब्लू हेलमेट ओडिसी-75 इयर्स ऑफ इंडियन पीसकीपिंग के प्लैटिनम जुबली संस्करण का भी विमोचन किया। साथ ही उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और देश में सशस्त्र सेनाओं में महिला अधिकारियों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी अपने विचार कार्यक्रम में रखे।*

### अल्जीरिया का दौरा करेंगे जनरल द्विवेदी

उधर, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले सप्ताह से अल्जीरिया की यात्रा पर रहेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की जा रही यह उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। जिससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी अल्जीरिया की सेना के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि अल्जीरिया, अफ्रीका का समुद्री क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जगह पर स्थित देश है। सेनाप्रमुख से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सीडीएस जनरल अनिल चौहान अल्जीरिया का दौरा कर चुके हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह भी है कि अल्जीरिया भी भारत की तरह ही बड़े पैमाने पर रूस में निर्मित सैन्य हथियारों, उपकरणों का इस्तेमाल करता है। हालिया समय में भारत ने अल्जीरिया में अपनी रणनीतिक उपस्थिति के मद्देनजर रक्षा अताशे की नियुक्ति की है। भविष्य में यह देश भारत के रक्षा निर्यात के लिए भी एक उपयुक्त स्थान बन सकता है।

ड्राइवर की लापरवाही से हुई दुर्घटना

# यूएस ने तत्काल सभी 'विदेशी' ट्रक ड्राइवरों का रोक दिया वीजा



मार्को रूबियो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका ऐलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तत्काल प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है। अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है ।

### ट्रक ड्राइवर पर फ्लोरिडा में चलेगा केस

*दरअसल, फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। अब ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह को आरोपों का सामना करने के लिए फ्लोरिडा के उपराज्यपाल जे कॉलिन्स विमान से उतारकर ले गए। एक्स पर पोस्ट में कॉलिन्स ने कहा कि वह और गवर्नर रॉन डेसेंटिस सिंह को वापस लाए हैं।*

### इस मुद्दे पर गरमाई अमेरिकी राजनीति

अब आरोपी भारतीय ट्रक ड्राइवर को अमेरिका से निर्वासित करने की तैयारी हो रही है। इस मामले में राजनीति होने की वजह ये है कि हरजिंदर सिंह को ट्रक ड्राइवर का लाइसेंस कैलिफोर्निया से मिला, जो कि डेमोक्रेट पार्टी का गढ़ है। अब ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, हरजिंदर सिंह को ड्राइविंग लाइसेंस देने के जिम्मेदार हैं। हालांकि न्यूसम ने ट्रंप की संघीय सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

ईडी की मनी लॉन्डिंग में बड़ी कार्रवाई

## नुकसान की भरपाई करने के लिए जब्त संपत्तियां बैंक को सौंपी

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'कंडाला सर्विस कोऑपरेटिव बैंक' के पूर्व अध्यक्ष और उनके परिवार से जुड़े धन शोधन के एक मामले में नुकसान की भरपाई के लिए जब्त एक करोड़ की संपत्तियां तिरुवनंतपुरम स्थित इस बैंक को नीलामी के लिए सौंप दी है। जब्त संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज ईडी कार्यालय में उप निदेशक एस. सिमी ने कंडाला बैंक के सचिव बैजू राज को सौंपे।

यह मामला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता और बैंक के पूर्व अध्यक्ष एन. भासुरंगन तथा उनके परिवार द्वारा कथित रूप से 3.22 करोड़ की हेराफेरी से जुड़ा है। आरोपियों में भासुरंगन के साथ उनकी पत्नी



जयाकुमारी, बेटा अखिजित, बेटियां अस्वति और अभीमा तथा दामाद बी.आर. बालमुरुगन शामिल हैं। सभी को 21 नवंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद ईडी ने उनकी एक करोड़ की संपत्तियां जब्त कर ली थीं। अब ये संपत्तियां तिरुवनंतपुरम स्थित कंडाला बैंक को सौंप दी गई हैं। बैंक अधिकारियों ने कहा कि इनकी नीलामी करके नुकसान की भरपाई की जाएगी। जांचकर्ताओं ने बताया कि भासुरंगन ने बिना पर्याप्त जमानत के ही ऋणों की मंजूरी में दखल दिया था।

आतंकी संगठनों की कर रहे थे मदद

## दो सरकारी कर्मचारी को एलजी मनोज सिन्हा ने किया बर्खास्त

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत



एक शिक्षक और सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन शामिल हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों कर्मचारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, आतंकियों को सहायता पहुंचाने, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने की बातें सामने आईं। और देशविरोधी तत्वों के साथ संपर्क होने जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह आतंकवाद और उससे जुड़ी किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है।




दुनिया की सबसे बड़ी नमकीन झील 'कैस्पियन सागर' तेजी से सिकुड़ रही

# 5 साल में 3 फीट नीचे गया पानी, 5 देशों के लिए खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैस्पियन सागर, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा नमकीन झील कहा जाता है, तेजी से सिकुड़ रहा है। अजरबैजान के अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता जताई है। पिछले पांच साल में इसका जलस्तर 0.93 मीटर (3 फीट) नीचे गिर चुका है। यह गिरावट हर साल 20-30 सेंटीमीटर की रफ्तार से हो रही है। इस सिकुड़ते सागर का असर न केवल तेल शिपमेंट और बंदरगाहों पर पड़ रहा है, बल्कि स्टर्जन मछलियां और कैस्पियन सील जैसी प्रजातियां भी खतरे में हैं। अजरबैजान के उप पर्यावरण मंत्री रऊफ हाजीयेव ने इस संकट को आर्थिक और पर्यावरणीय आपदा करार दिया है। कैस्पियन सागर अजरबैजान, ईरान, कजाकिस्तान, रूस और तुर्कमेनिस्तान जैसे पांच देशों से घिरा हुआ है। यह दुनिया का सबसे बड़ा बंद जलाशय है। जिसे नमकीन झील कहा जाता है। इसकी गहराई और विशालता इसे तेल और गैस भंडारों का केंद्र बनाती है।

### जलवायु परिवर्तन और वोल्गा नदी पर बांध से बढ़ा खतरा



अजरबैजान के बाकू शहर के पास कैस्पियन सागर का एरियल व्यू

*रऊफ हाजीयेव ने बताया कि पिछले 5 साल में जलस्तर 0.93 मीटर (3 फीट) गिरा। पिछले 10 साल में 1.5 मीटर की कमी आई। पिछले 30 साल में 2.5 मीटर की गिरावट दर्ज हुई। हर साल जलस्तर 20-30 सेंटीमीटर कम हो रहा है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला जलवायु परिवर्तन जिससेः बढ़ता तापमान और कम बारिश के कारण सागर में पानी का प्रवाह कम हो रहा है। वोल्गा नदी, जो सागर में 80% पानी की आपूर्ति करती है, उसमें भी पानी की मात्रा घटी है। दूसरा, वोल्गा नदी पर बांध। रूस ने वोल्गा नदी पर 40 बांध बनाए हैं। 18 और बन रहे हैं। ये बांध बिजली और सिंचाई के लिए पानी रोक रहे हैं, जिससे सागर तक पानी नहीं पहुंच रहा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109